# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–97 । सागर, शुक्रवार, 26 मई 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



बांदरी में घेरा बंदी कर पकड़ी अवैध शराब — पृष्ठ 2

- जो गीत दिलों में क़त्ल हुए हर गीत का बदला मांगेंगे
- सहनशीलता के आलोक में पंडित नेहरु और संघ परिवार — पृष्ठ 4

- सचिव और रोजगार सहायक को जिला पंचायत ने भेजा नोटिस — 6

दमोह राइज स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत — 7


## सार-समाचार

### भारत टीबी को खत्म करने का प्रयास कर रहा है : मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत में वर्ष 2015 से वर्ष 2022 तक टीबी के मामलों में 13 प्रतिशत की कमी देखी गई है। डॉ. मांडविया ने बुधवार देर शाम जेनेवा में आयोजित 76 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान क्वाड प्लस देशों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर टीबी के मामलों में 5.9 प्रतिशत से अधिक की कमी आयी है जबकि भारत में टीबी मृत्यु दर में 15 प्रतिशत की कमी आई है।

### आईएनएस विक्रांत पर 'मिग-29 के' फाइटर जेट की लैंडिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना ने एक और मील का पत्थर हासिल किया है। नौसेना के आईएनएस विक्रांत पर पहले 'मिग-29के' फाइटर जेट ने नाइट लैंडिंग की है। नौसेना का कहना है कि यह रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय नौसेना के मुताबिक, भारत के स्वदेशी आईएनएस विक्रांत युद्धपोत पर 'मिग-29के' को रात में सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई गई है। नौसेना की यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती ताकत की ओर बड़ा कदम है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने असाधारण क्षमता वाले बच्चों को सम्मान देने के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के लिए नामांकन आमंत्रित किये हैं। मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आवेदन या नामांकन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इसके लिए मंत्रालय के पोर्टल पर नामांकन किया जा सकता है। पोर्टल पर इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश इस पर उपलब्ध हैं। भारत का कोई भी बच्चा, जो भारतीय नागरिक है और भारत में रह रहा है तथा जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक नहीं है, वह इस पुरस्कार के लिए नामांकन या आवेदन कर सकता है।

### 'आप' ने रुपाणी पर लगाया जमीन घोटाले का आरोप

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) की गुजरात इकाई ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी द्वारा 10,000 करोड़ रुपए की जमीन के कथित अधिग्रहण की व्यापक जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की है। आप सदस्य महेंद्रभाई नवदिया और केतनभाई पटेल ने सूरत में कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से एक आवेदन जमा किया।

### वन्यजीव अपराधी को किया गया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने रायगढ़ा कस्बे से एक वन्यजीव अपराधी को गिरफ्तार कर उसके पास से तेंदुए की तीन खाल बरामद की हैं। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक टीम ने बुधवार को रायगढ़ जिले के रायगढ़ा कस्बे के सिरीगुडा स्वर्गधाम छाका के समीप रायगढ़-कोरापुट एनएच-326 पर छापा मारा एवं वन्यजीव अपराधी को गिरफ्तार किया।

### अतीक-अशरफ की हत्या के आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**प्रयागराज, एजेंसी।** अतीक अहमद और खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीनों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में पेश किया गया जहां उनकी और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई। शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के तीनों आरोपियों लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र के समक्ष वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। नो आरोपियों की 14 दिन की न्यायिक हिरासत आज समाप्त हो रही थी।

### सिन्हा ने माता खीर भवानी मंदिर में की पूजा

**श्रीनगर, एजेंसी।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को गांदरबल जिले में माता खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उपराज्यपाल ने माता खीर भवानी के दर्शन किए और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने खीर भवानी मंदिर जाने के इच्छुक तीर्थयात्रियों के लिए आगामी ज्येष्ठ अष्टमी के शुभ अवसर के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

---

स्कूल शिक्षा मंत्री ने घोषित किए नतीजे : 10 वीं का परिणाम पिछले साल से हुआ बेहतर तो 12 वीं के नतीजों में गिरावट

# 12 वीं में छतरपुर के विकास, 10 वीं में इंदौर के मृदुल रहे अव्वल




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में आज माध्यमिक शिक्षा मंडल का 10वीं- 12वीं का परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। 12वीं में जहां छतरपुर के विकास द्विवेदी 491 अंक लाकर राज्य स्तरीय मेधावी सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं 10 वीं की परीक्षा में इंदौर के मृदुल पाल 494 अंक लाकर प्रदेश में पहले स्थान पर रहे। जहां दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सुधार हुआ है, वहीं 12वीं कक्षा के नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने ऑनलाइन परिणामों की घोषणा की। इस साल 10वीं में कुल 8 लाख 15 हजार 364 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनकी सफलता का प्रतिशत 63.29 रहा जो पिछले वर्ष से 3.75 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष 59.54 प्रतिशत बच्चे इस कक्षा में पास हुए थे। जबकि 12वीं में कुल 7 लाख 27 हजार 44 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनकी सफलता की दर 55.28 प्रतिशत रही जो पिछले वर्ष की 72.72 प्रतिशत से 17.47 प्रतिशत कम है। परिणामों पर नजर डालें तो इस बार भी छात्राओं ने ही बाजी मारी है। 10वीं में 66.47 प्रतिशत छात्राएं और 60.26 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि राज्य स्तरीय टाप टेन मेरिट लिस्ट में कुल 254 विद्यार्थियों ने स्थान पाया है। उधर 12वीं में 58.75 प्रतिशत छात्राएं और 55 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। राज्य स्तरीय मेधावी सूची में 182 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। 10वीं में इंदौर के मृदुल पाल ने 494 अंक लाकर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि इंदौर की प्राची गडवाल, सीधी की कीर्ति प्रभा मिश्रा, नरसिंहपुर की स्नेहा लोधी ने 493 अंक लाकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान पाया है।

12वीं में विज्ञान संकाय में छतरपुर के विकास द्विवेदी 491 अंक लाकर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। 12वीं में कला संकाय में छिंदवाड़ा की मौली नेमा 489 अंक लाकर टापर बनी हैं। विज्ञान (गणित) समूह में नर्मदापुरम के नारायण शर्मा 488 अंक, जीव विज्ञान समूह में अव्वल रहे। वाणिज्य समूह में 5 विद्यार्थियों ने एक समान अंक पाकर पहला स्थान पाया है। इनमें खाचरोद की प्रिंसी खेमासारा, खंडवा की अनी जैन, भोपाल के यशवर्धन सिंह मरावी व अनामिका ओझा व मंडला की दिव्यांशी जैन ने 482 -482 अंक लाकर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया है।



### दोनों परीक्षाओं में नरसिंहपुर जिला रहा अव्वल

हाईस्कूल जिला नरसिंहपुर 80.29 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ अव्वल आया। जबकि दूसरे स्थान पर 79 प्रतिशत परिणाम देने के साथ सीहोर जिला द्वितीय स्थान पर रहा। हायर सेकंडरी में भी सर्वाधिक उत्तीर्णता का प्रतिशत नरसिंहपुर जिले का 79.46 रहा है, जबकि दूसरे स्थान पर 73.14 प्रतिशत के साथ नीमच रहा है।

### इनका कहना है

इस बार 10वीं का परीक्षा परिणाम सुधरा है उसमें 3.75 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी और बारहवीं में 17.47 प्रतिशत की गिरावट आई है। 12वीं के परिणामों में गिरावट के लिए कोविड काल के दौरान छात्र-छात्राओं को 10 वीं में दिए गए जनरल प्रमोशन को जिम्मेदार माना जा सकता है। परीक्षा में असफल छात्र-छात्राओं को घबराने की आवश्यकता नहीं, उन्हें रुक जाना नहीं योजना के तहत एक और मौका दिया जाएगा।

**इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री**

### 12वीं में प्रदेश के ये रहे टापर्स

विकास द्विवेदी (विज्ञान संकाय) – 491 – पहला
नारायण शर्मा (विज्ञान संकाय) – 488 – पहला
मौली नेमा (कला संकाय) – 489 – पहला
सोनाक्षी परमार (कला संकाय)– 487 – दूसरा
समीका वर्मा (कला संकाय) – 487 – दूसरा
आर्या झिरा (कला संकाय) – 486 – तीसरा
प्रिंसी खेमासारा (वाणिज्य) – 482 – पहला
अनी जैन (वाणिज्य) – 482 – पहला
यशवर्धन सिंह मरावी (वाणिज्य) – 482 – पहला
अनामिका ओझा (वाणिज्य) – 482 – पहला
दिव्यांशी जैन (वाणिज्य) – 482 – पहला

### 10वीं : प्रदेश की मेरिट सूची

मृदुल पाल – 494 – पहला
प्राची गडवाल – 493 – दूसरा
कीर्ती प्रभा मिश्रा – 493– दूसरा
स्नेहा लोधी – 493 – दूसरा
अनुभव गुप्ता – 492 – तीसरा
अभिषेक परमार – 492 – तीसरा
उन्नति अग्रवाल – 492 – तीसरा
आस्था सिंह राजपूत – 492 – तीसरा
राधा साहू –492 – तीसरा
सुदीक्षा कटारे – 492 – तीसरा
प्रिया ठाकरे – 492 – तीसरा

### 10वीं में 63.29 प्रतिशत रहा परिणाम

उत्तीर्ण छात्राएं –66.47 प्रतिशत
उत्तीण छात्र 60.26 प्रतिशत

### 12 वीं में 55.28 हुए उत्तीर्ण

उत्तीर्ण छात्राएं –58.75 प्रतिशत
उत्तीर्ण छात्र – 52.00 प्रतिशत

---

## उत्तराखंड को मिली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस

**देहरादून, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देहरादून से दिल्ली के बीच चलने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर देहरादून में सीएम धामी व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व प्रशासनिक अधिकारी व आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज बहुत सौभाग्य का दिन है। पीएम मोदी ने आज देवभूमि को वंदे भारत की बहुत बड़ी सौगात दे रहे हैं। आज से 10 साल जब रेलवे की विकास की बात आती थी, तो केंद्र सरकार की तरफ से 187 करोड़ रुपए मिलते थे। और 2014 में मोदी जी जब आए तो उन्होंने तुरंत उत्तराखंड के लिए फंड की व्यवस्था की। उत्तराखंड में रेलवे के लिए 2000-4000 करोड़ रुपए तक की व्यवस्था की और इस बार उन्होंने 5000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की। वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली और देहरादून के बीच ये चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन देश की राजधानी को और तेज गति से जोड़ेगी। इस ट्रेन से दिल्ली और देहरादून के बीच रेल सफर में अब समय काफी कम हो जाएगा। ट्रेन में जो सुविधाएं हैं वो इस सफर को आनंद दायक बनाने वाली हैं। वही पीएम के अनुसार उत्तराखंड नौ रत्नों के चलते आगे बढ़ रहे हैं।

पीएम ने अपनी विदेश यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि अभी कुछ घंटे पहले ही मैं तीन देशों की यात्रा करके आया हूं। आज पूरा विश्व भारत को उम्मीदों से देख रहा है। हमने जिस तरह अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है।

## अब अमूल को लेकर तमिलनाडु में विवाद

- मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अमित शाह को लिखा खत
- राज्य में दूध की खरीद बंद करने का निर्देश देने की मांग

**चेन्नई, एजेंसी।** कर्नाटक के बाद अब तमिलनाडु में अमूल दूध को लेकर विवाद खड़ा होता नजर आ रहा है। अब इसे लेकर खुद सीएम एमके स्टिलन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मांग की है कि गुजरात बेस्ड डेयरी कंपनी 'अमूल' को तत्काल प्रभाव से तमिलनाडु में दूध की खरीद बंद करने का निर्देश दिया जाए। स्टालिन ने शाह को लिखे पत्र में तमिलनाडु 'मिल्क शेड' क्षेत्र में कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (अमूल) की तरफ से दूध की खरीद किए जाने से उत्पन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार को ध्यान देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, हाल में राज्य सरकार के संज्ञान में आया है कि अमूल ने कृष्णागिरि जिले में 'चिलिंग सेंटर' और प्रोसेसिंग प्लांट करने के लिए अपने बहु-राज्य सहकारी लाइसेंस का इस्तेमाल किया है।

### *मिल्क-शेड क्षेत्र का उल्लंघन करना गलत*

*मुख्यमंत्री ने कहा, इसके साथ ही, अमूल ने तमिलनाडु में कृष्णागिरि, धर्मपुरी, वेल्लोर, रानीपेट, तिरुपथुर, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों में और आसपास स्थित एफपीओ और एसएचजी के माध्यम से दूध खरीदने की योजना बनाई है। स्टालिन ने लिखा, भारत में यह एक नियम रहा है कि सहकारी समितियों को एक-दूसरे के 'मिल्क-शेड' क्षेत्र का उल्लंघन किए बिना फलने-फूलने दिया जाए।*

### *कर्नाटक में भी उठा था विवाद*

*कर्नाटक में भी अमूल दूध को लेकर काफी विवाद खड़ा हुआ था। पिछले दिनों अमूल ने कर्नाटक में अपनी एंट्री की घोषणा की थी, जिसके बाद यहां के विपक्षी दलों कांग्रेस और जेडीएस ने आरोप लगाया कि सरकार लोकल ब्रांड नंदिनी को खत्म करने की साजिश कर रही है। बेंगलुरु के एक होटल संगठन बृहत बेंगलुरु होटल्स एसोसिएशन ने भी शहर में अमूल के उत्पादों का बहिष्कार करने का एलान कर दिया था।*

## तिहाड़ में बंद सतेंद्र जैन बाथरूम में गिरे

### अस्पताल में कराया गया भर्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को गुरुवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सत्येंद्र जैन बीते कई महीनों से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं।

गौरतलब है कि गुरुवार को तिहाड़ जेल के ही बाथरूम में चक्कर आने के बाद सत्येंद्र जैन फर्श पर गिर गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सत्येंद्र जैन के स्वास्थ्य को लेकर चिंता और अपनी शुभकामनाएं जताई हैं। केजरीवाल ने इस पूरी घटना पर कहा, 'जो इंसान (सत्येंद्र जैन) जनता को अच्छा इलाज और अच्छी सेहत देने के लिए दिन-रात काम कर रहा था, आज उस भले इंसान को एक तानाशाह मारने पर तुला है।' मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस विषय पर आगे कहा कि उस तानाशाह की एक ही सोच है – सबको खत्म कर देने की, वो सिर्फ 'मैं' में ही जीता है। वो सिर्फ खुद को ही देखना चाहता है। इस पूरी घटना पर केजरीवाल का कहना है कि भगवान सब देख रहे हैं, वो सबके साथ न्याय करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ने सत्येंद्र जैन के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर से सत्येंद्र के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भगवान उन्हें इन विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति दें।

---

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा नए संसद भवन का मामला

# राष्ट्रपति से उद्घाटन कराने लोकसभा सचिवालय को निर्देश देने का अनुरोध

- अधिवक्ता जया सुकीन ने दायर की याचिका
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म है भारत की प्रथम नागरिक
- 28 को है नए संसद भवन का उद्घाटन कार्यक्रम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए संसद भवन के उद्घाटन का मामला अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराने के लिए लोकसभा सचिवालय को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता जया सुकीन की ओर से दायर याचिका में दलील दी गई है कि नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए 18 मई को लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान और लोकसभा महासचिव की ओर से जारी आमंत्रण पत्र संविधान का उल्लंघन करता है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रपति भारत की प्रथम नागरिक हैं और संसद की प्रमुख हैं और नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने के लिए एक निर्देश देने का न्यायालय से अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से जारी आमंत्रण के बाद 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करने वाले हैं। याचिका में बताया गया है कि संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति और शीर्ष विधानमंडल के दोनों सदन, राज्यसभा और लोकसभा, संसद में शामिल होंगे। इसमें दलील दी गई है, 'साथ ही, अनुच्छेद 87 में कहा गया है कि संसद के प्रत्येक सत्र की शुरूआत में, राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों में अभिभाषण देंगे और इसकी बैठक बुलाए जाने के उद्देश्य से अवगत कराएंगे। लेकिन प्रतिवादी (लोकसभा सचिवालय और केंद्र) राष्ट्रपति को अपमानित करने का प्रयास कर रहे हैं।'



### 20 पार्टियां विरोध कर रहीं

ांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, आम आदमी पार्टी, शिवसेना (उद्धव गुट), समाजवादी पार्टी, राजद, सीपीआई, जेएमएम केरल कांग्रेस (मणि), वीसीके, रालोद, राकांपा, सीपीआई (एम), आईयूएमएल, नेशनल कॉन्फ्रेंस, आरएसपी, एआईएमआईएम और एमडीएमके शामिल हैं।

### से पार्टियां होंगी शामिल

भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना (शिंदे गुट), नेशनल पीपुल्स पार्टी, मेघालय, नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, जन नायक पार्टी, एआईडीएमके, आईएमकेएमके, एजेएसयू, आरपीआई, मिजो नेशनल फ्रंट, तमिम मनीला कांग्रेस, आईटीएफटी (त्रिपुरा), बोडो पीपुल्स पार्टी, पीएमके महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, अपना दल, असम गण परिषद, लोक जनशक्ति पार्टी (पासवान), बीजू जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, तेलगू देशम पार्टी, अकाली दल, जेडीएस

### राष्ट्रपति का हक छीन रहे हैं मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से नये संसद भवन का उद्घाटन नहीं कराके उनके हक को छीना है और संसदीय प्रणाली को ध्वस्त किया है। श्री खड़गे ने कहा, मोदी जी, संसद, जनता द्वारा स्थापित लोकतंत्र का मंदिर है। महामहिम राष्ट्रपति का पद संसद का प्रथम अंग है। आपकी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा, देश के 140 करोड़ लोग जानना चाहते हैं कि भारत के राष्ट्रपति से संसद भवन के उद्घाटन का हक़ छीनकर आप क्या जताना चाहते हैं।

### भाजपा का विपक्ष पर पाखंड का आरोप



भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने संसद के नए भवन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार की विपक्षी दलों की घोषणा को पाखंड बताते हुए जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और नीतीश कुमार द्वारा किए गए इस तरह के कई उद्घाटन कार्यक्रमों का मुद्दा उठाया है।

### नई संसद पर मोदी के समर्थन में आई मायावती



**लखनऊ, एजेंसी।** नए संसद भवन के उद्घाटन के मामले को लेकर बसपा मुखिया मायावती केंद्र सरकार के पक्ष में आ गई हैं। उन्होंने कहा है कि बसपा ने देश में जनहित मुद्दों पर हमेशा चाहे कांग्रेस की सरकार हो या भाजपा की सभी का समर्थन किया है। मायावती ने गुरुवार को ट्वीट के माध्यम से लिखा कि केन्द्र में पहले चाहे कांग्रेस पार्टी की सरकार रही हो या अब वर्तमान में भाजपा की, बसपा ने देश व जनहित निहित मुद्दों पर हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका समर्थन किया है तथा 28 मई को संसद के नये भवन के उद्घाटन को भी पार्टी इसी संदर्भ में देखते हुए इसका स्वागत करती है।

## सार-समाचार

### मण्डलम अध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक संपन्न



**बण्डा, देशबन्धु।** कांग्रेस की महत्वपूर्ण नीति नारी सम्मान योजना के संबंधी में मंगल भवन में बण्डा विधायक तरवर सिंह के नेतृत्व में ब्लाक बण्डा एवं धामौनी के समस्त मण्डलम अध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये बण्डा विधायक ने कहा कि पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर 18 वर्ष से अधिक की पात्र माता बहिनों के आवेदनों को अतिशीध्र भरवाना होगा। सभी को नारी सम्मान योजना की आवेदन सौंपकर फॉर्म भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 15 माह की कमलनाथ की सरकार ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि वह घोषण नहीं करते वल्कि वचन निभाते है। कर्नाटक की जीत से यह सिद्ध हो गया है कि जनता अब जाग चुकी है। आने वाले समय में मप्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी जिसमें माता बहिनों को 1500 रूपये देगें, गैंस सिलेंडर 500 रूपये और 100 रूपये में 100 यूनिट बिजली देंगे किसानों का कर्जा मॉफ करेंगे कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू की जावेगी। इस अवसर पर संतोष सराफ, भूपेन्द्र सिंह राजपूत, शंकर सिंह लोधी, श्रीकांत सराफ सहित अन्य काग्रेसी मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महा महोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**शाहगढ़, देशबन्धु।** समीपस्थ्य बहादुरपुर गांव में नवनिर्मित मंदिर के निर्माण उपरांत जिनालय को भव्यता देने वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। ब्रह्मचारी संजीव भैया, ब्र. अरुण भैया के निर्देशन में विधानाचार्य ब्र. अंकित भैया के द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम के साथ-साथ नवीन जिनालय को मूर्त रूप दिया। धार्मिक आयोजन के पहले दिन घटयात्रा, श्रीजी की आगवानी एवं ध्वजारोहण, पारसनाथ विधान, महाआरती, रात्रि में धर्मसभा, दूसरे दिन बुधवार को शांतिधारा यागमंडल विधान और अंतिम दिन गुरुवार को अभिषेक पूजन हवन उपरांत नवनिर्मित मंदिर की नवीन वेदिका पर सुरेश दाऊ, सुनील मल्ले, संजीव गुट्टी, राजू, सौरभ, संयम आदि सभी बहादुरपुर पुण्यार्जक परिवार, क्षेत्रीय समाज द्वारा भगवान पारसनाथ के समोशरण को विराजमान किया गया। तत्पश्चात भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक हुआ। बहादुरपुर की जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में दूरदराज शहरों से जैन समुदाय के लोगों ने अपने परिवार सहित धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्म लिया।

### थोक किराना दुकानों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने शहर में मिठाई लाइन स्थित श्याम ट्रेडर्स प्रो. श्याम सुंदर अग्रवाल की थोक किराना दुकान एवं गोदाम का निरीक्षण किया है। निरीक्षण में परिसर से एमडीएच ब्रांड जीरा सिप पाउडर, श्रीधी ब्रांड गाय का घी एवं वरलक्ष्मी ब्रांड साबूदाना के नमूनें जांच हेतु लिए गए हैं। निरीक्षण में परिसर एवं गोदाम में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का भंडारण होते हुए नहीं पाया गया है। सभी पैक्ड खाद्य सामग्री के पैकिटों पर एक्सपायरी डेट/बेस्ट बिफोर डेट अंकित पाई गई है। उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### योग एवं ध्यान केन्द्र की कक्षाएं 29 मई से प्रारंभ

**सागर, देशबन्धु।** कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा आमजन को योग से जोड़ने के उद्देश्य से स्थापित योग एवं ध्यान केन्द्र की कक्षाएं 29 मई से सुबह 6.30 से 8 बजे तक शारीरिक शिक्षा विभाग के अब्दुल गनी खान स्टेडियम के योग एवं ध्यान केन्द्र में प्रारंभ की जा रही हैं। योग शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो.भवतोष इंद्र गुरू ने बताया कि योग द्वारा स्वास्थ्य के चारों आयामों शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक- पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य की उचित देखभाल में व्यायाम का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। व्यायाम पद्धतियों में सबसे सरल एवं कम खर्चीली पद्धति योग व्यायाम है। विवि के अनुभवी शिक्षकों की टीम आने वाले समय में योग में प्रमाण पत्र एवं डिप्लोमा की कक्षाएं भी प्रारंभ की जावेगी। कक्षा में उपस्थित होने वालों को लोअर टी-शर्ट में आना होगा। समस्त जानकारी के लिये योग शिक्षा विभाग, अथवा मोबाईल नं. 8770070781 पर डॉ. अरूण साव , 9968007074 पर डॉ. ब्रजेश सिंह एवं 9827269010 पर डॉ. नितिन कोरपाल से संपर्क कर सकते हैं।

10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित

# कक्षा दसवीं का 67 प्रतिशत एवं कक्षा बारहवीं का 50 प्रतिशत से अधिक रहा



**सागर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी हाईस्कूल एवं हॉयर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा के घोषित हुए परिणाम के अनुसार जिले के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अखिलेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा दसवीं की परीक्षा में 30843 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुये थे। जिसमें से 20918 परीक्षार्थी पास हुए हैं। इस प्रकार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 67.82 प्रतिशत रहा है। कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में कला संकाय में 8271 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये। जिनमें से 8102 परीक्षार्थी पास हुए। विज्ञान संकाय में 8643 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें से 6544 परीक्षार्थी पास हुए। वाणिज्य विषय में 2904 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से 1504 परीक्षार्थी पास हुये। इसी प्रकार अन्य विषय में 833 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से 435 परीक्षार्थी बांसुरी एवं होम साइंस विषय में एक परीक्षार्थी सम्मिलित हुआ और पास भी हुआ। हाई एवं हॉयर सेकंडरी स्कूल की बोर्ड परीक्षा के परिणाम गुरुवार को घोषित हो गए। हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश की मैरिट सूची में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों की धमक रही। जिले के ग्रामीण क्षेत्र के तीन विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की मैरिट सूची आठवां स्थान हासिल किया है। वहीं एक छात्र नौवें स्थान पर रहा। कक्षा बारहवीं में रहली की छात्रा दीक्षा खरे ने आठवां स्थान हासिल किया है। जानकारी के मुताबिक देवरी के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की छात्रा गीतिमा पिता राजेश बाजपेयी ने 487 अंक के साथ प्रदेश की मैरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। वहीं देवरी ब्लॉक के ही गौरझामर ग्राम पंचायत के अंसार पिता राशिद खान व मालथौन ब्लॉक के बरौदिया कलां ग्राम पंचायत के शीतल पिता सुधीर श्रीवास्तव ने भी 487 अंक के साथ प्रदेश की मैरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। इसी तरह कक्षा दसवीं में खुरई के तक्षशिला हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थी जगदीश पिता जगभान दांगी ने 446 अंक हासिल कर प्रदेश की मैरिट सूची में नौवां स्थान हासिल किया है। वहीं रहली के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की छात्रा दीपा पिता वीरेंद्र खरे ने वाणिज्य संकाय में प्रदेश की सूची में आठवां एवं पुष्पा पिता बलवीर सेन विज्ञान संकाय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी बामोरा तहसील बीना ने प्रदेश की मैरिट सूची में दसवां स्थान हासिल किया है। जिले के विद्यार्थियों द्वारा मप्र की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाने पर कलेक्टर दीपक आर्य, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अखिलेश पाठक, सहायक संचालक डॉ. आशुतोष गोस्वामी, अरविंद जैन रहली के विकास खंड शिक्षा अधिकारी इंदूनाथ तिवारी, संस्था के प्राचार्य ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी है।

### सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम घोषित

**बीना, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम विज्ञान समूह गणित बायो में कुल दर्ज 52 भैया बहिनों में से प्रथम श्रेणी 35 व द्वितीय श्रेणी 2 भैया बहिनों ने प्राप्त किया। कॉमर्स समूह में कुल दर्ज 39 में से प्रथम श्रेणी 24, द्वितीय श्रेणी 2 ने प्राप्त किया, कला समूह में 20 में से 7 प्रथम श्रेणी में, 5 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। इन सभी को जिला सचिव महेश अग्रवाल, विभाग समन्वयक राजकुमार ठाकुर, समिति अध्यक्ष संध्या टिकेकर, व्यवस्थापक अंकित जैन, प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया एवं समस्त आचार्य परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी व इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### उत्कृष्ट विद्यालय का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत से अधिक

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट विद्यालय सागर में परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र छात्राओं में भारी उत्साह का वातावरण रहा। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुधीर तिवारी ने बताया कि कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 98.85 प्रतिशत रहा जबकि कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम 96.85 प्रतिशत रहा।

### होनहारों ने विद्यालय, गुरुजनों, माता पिता का किया नाम रोशन

**शाहगढ़, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र के कक्षा 10वीं एवं 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में शाहगढ़ उत्कृष्ट विद्यालय का 95 प्रतिशत रिजल्ट आया है, यहां के भी छात्रों ने समूची तहसील सहित जिले में परचम लहराया। एक्सीलेंस स्कूल की बारहवी गणित के छात्र अंशुल यादव ने 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में पहला स्थान हासिल किया। वही अभिजीत असाटी पिता मुकेश असाटी शिक्षक ने कक्षा दसवीं भी 480 अंक 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में पहला स्थान हासिल किया। इसी असाटी परिवार के दिनेश के पुत्र रामजी असाटी ने दसवीं में 479 अंकों को प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। भविष्य पिता जिनेश जैन ने दसवीं कक्षा में 95.50 अंक प्राप्त कर तहसील में तीसरा स्थान हासिल किया। इंग्लिश मीडियम की छात्रा प्रियल पाटकर ने दसवीं में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। छात्र-छात्राओं की सफलता के लिये नगर परिषद अध्यक्ष राधा बाबूलाल खटीक, कुंवर रंजोर सिंह बुंदेला, पुनीत जैन, मनीष यादव, संकुल प्राचार्य अशोक तिवारी, सीएमओ एमजी गोस्वामी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एमके चढ़ार, थाना प्रभारी कृपाल मार्को, बीएमओ डॉ. अमित आनंद असाटी, प्राचार्य राजीव तिवारी, सहित गुरूजनों तथा उन्नति के परिवार वालों ने शुभकामनायें दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हाईस्कूल परीक्षा में श्रेयांश ने जिले में प्रथम स्थान पाया

**राहतगढ़, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल के छात्र श्रेयांश ठाकुर ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 500 में से 484 अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेयांश के पिता मेहरबान सिंह ठाकुर शिक्षक है एवं माता बरखा ठाकुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। इनकी इस सफलता पर शुभचिंतकों, मित्रों एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**राहतगढ़, देशबन्धु।** हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में नगर के स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा साक्षी ठाकुर ने 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, छात्रा ऋषिका ठाकुर 91.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं 85.4 प्रतिशत के साथ छात्र चंद्रकुमार लोधी विद्यालय में तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के चेयरमैन शैलेंद्र श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, प्रिंसिपल प्रिया श्रीवास्तव, ओएसडी भारतभूषण तिवारी एवं विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### पुष्पा सेन ने 12वीं में हासिल किया10वां स्थान

**बीना, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट गुरुवार को घोषित कर दिया है। कक्षा 12वीं में मप्र के टॉप 10 विद्यार्थियों में बीना के मंडी बामौरा की छात्रा पुष्पा सेन शामिल है। पुष्पा ने 478 अंक हासिल कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। जैसे ही प्रदेश की टॉप 10 सूची में नाम आने पर परिवार और आसपास के लोग बधाई देने के लिए पहुंच गए। सभी लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। पुष्पा सेन सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ती है। स्कूल के प्राचार्य सहित अन्य शिक्षकों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। पुष्पा सेन ने अपनी इस सफ्लता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए बताया कि उसके पिता सातनी गांव के शासकीय स्कूल में शिक्षक हैं और उनका हमेशा मार्गदर्शन मिलता है। इस अवसर पर प्राचार्य रूप नारायण, विनीत शर्मा, राकेश शास्त्री, जागृति सोनी, हिमांशु पालीवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### रूपल विश्वकर्मा ने जिले में स्थान प्राप्त किया

**मालथौन, देशबन्धु।** कलाकार लल्लू राम विश्वकर्मा की नातिन रूपल विश्वकर्मा ने जिले में तीसरा और ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल कर गौरव बढ़ाया। गुरुवार को कक्षा दसवीं का परिणाम घोषित हुआ जिसमें मॉडल स्कूल की छात्रा रूपल पिता गोविंद विश्वकर्मा ने पांच सौ में से 482 अंक हासिल कर ब्लॉक में अब्बल और जिला में तीसरा स्थान हासिल कर अपने माता पिता और परिवार नगर का नाम रोशन कर दिया।

### हाईस्कूल परीक्षा में बेटे ने पाया प्रदेश की सूची में स्थान, बेटियो ने किया टॉप

**गौरझामर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा का परिणाम आया तो छात्र छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यनरत किराना दुकान संचालक के बेटे अंसार खान ने 487 अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप टेन सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया वही इसी स्कूल की स्वर्णिम सोनी ने जिले में प्रथम व निकिता लोधी ने दूसरा स्थान हासिल किया, जैसे ही परीक्षा परिणाम आया छात्र छात्राओं की उपलब्धि पर बधाईयां देने का तांता लग गया। क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले छात्र अंसार खान किराना दुकान संचालक के बेटे है वही स्वर्णिम सोनी शिक्षक की बेटी हैं वही निकिता लोधी किसान परिवार से हैं।

## सरलता को मिलते हैं भगवान: पं. हरिशंकर पांडेय



**सागर, देशबन्धु।** भगवान सरलता से मिलते हैं, इसके लिए विद्वत्ता की आवश्यकता नहीं है। जरुरत है तो बस ह्रदय में सरल भाव धारण करने की, जो परमपिता परमेश्वर के प्रति समर्पित हों। ह्रदय के सरल भाव में सिर्फ मनुष्य ही नहीं, बल्कि पशु पक्षी, जीव मात्र, जड़ चेतन सबके लिए समानता, प्रेम, दया समाहित होनी चाहिए। लिहाजा, भगवान बनने का प्रयास न करें, भक्त बनें यह अमृतमयी मार्गदर्शक वाणी रस शहर के मोतीनगर वार्ड में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की शृंखला में गुरुवार को चतुर्थ दिवस दमोह से पधारे कथावाचक पं. हरिशंकर पांडेय महाराज के मुखारविंद से प्रवाहित हुआ। कथावाचक ने भागवत कथा का प्रतिपादन करते हुए इस दौरान पृथुजी महाराज, भरत महाराज, भक्त प्रहलाद, वामन अवतार, मत्स्यावतार आदि के प्रसंग सुना, और समारोह स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु समुदाय को कर्म योग की महत्ता समझाई। कथा के केंद्र बिंदु में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव रहा। कथा व्यास ने इस अवसर पर अपने मधुर स्वर में जब भगवान के जन्मोत्सव के बधाई गीत गाए, तो यहां मौजूद स्त्री-पुरुषों, बच्चों वृद्धों समेत समूचा श्रद्धालु समुदाय खुद को थिरकने से नहीं रोक सका। कथा विराम के उपरांत समारोह स्थल पर राधे राधे कार्यक्रम हुआ, जिसके तहत भारी तादाद में सम्मिलित हुए श्रद्धालुओं ने बड़ी ही तन्मयता से प्रभुनाम का संकीर्तन किया।

### अन्न उत्सव 27 मई तक

**सागर, देशबन्धु।** जिला आपूर्ति नियंत्रक ने सभी कनिष्ठ और सहायक खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिए हैं कि वे पीडीएस दुकानों से खाद्यान्न वितरण की सतत और परिणाममूलक मानीटरिंग करें और 25 से 27 मई तक होने वाले अन्न उत्सव में राशन वितरित करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि माह अप्रैल में संपन्न हुये अन्न उत्सव में अनेक उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं द्वारा 25 प्रतिशत से कम राशन वितरण किया गया है जो कि अत्यंत खेदजनक तथा क्षेत्र में पीडीएस पर निरीक्षकों की मॉनिटरिंग की कमी को दर्शाता

## छावनी वासियों को उनका हक दिलाकर रहेंगे: सुरेन्द्र चौधरी



**सागर, देशबन्धु।** नारी सशक्तिकरण और सम्मान की दिशा में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्येक महिला को 15 सौ रुपए की सम्मान निधि व 500 रु में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ तथा 200 यूनिट का बिजली बिल हाफ देने के संकल्प पूरा करने के लिए नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छावनी केन्ट क्षेत्र में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगवाई में नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवाए गये। इस दौरान श्री चौधरी को स्थानीय रहवासियों के द्वारा विभिन्न बुनियादी समस्याओं से भी अवगत कराया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत छावनी केन्ट क्षेत्र में पीढ़ी दर पीढ़ी वर्षों से निवास कर रहे किसानों व आमजनों के साथ भाजपा सरकार द्वारा वायदा खिलाफी व भेदभाव कर केन्ट वासियों को उनके हकों से वंचित किया जा रहा हैं। छावनी कैंट क्षेत्र के लोग आवासीय पट्टे, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय आदि अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। श्री चौधरी ने कहा कि केन्ट क्षेत्र में पीढ़ी दर पीढ़ी वर्षों से रह रहे परिवारों और अन्न दाता किसानो को उनका हक दिलाकर रहेंगे। इस दौरान फिरदोष कुरैशी, अशरफ खान, रवि उमाहिया, सौरभ चौकसे, राजेश श्रीवास आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

### कांग्रेसजनों ने केन्ट क्षेत्र में भरवाए नारी सम्मान योजना के फार्म

### बांदरी में घेरा बंदी कर पकड़ी अवैध शराब

**सागर, देशबन्धु।** थाना बांदरी में 24 मई को रात्रि में करीब 11.30 बजे जरिये पुलिस कंट्रोल रूम सागर के थाना पर सूचना प्राप्त हुई कि एक ईको गाड़ी में शराब अवैध रूप से भरकर के परिवहन की जा रही है सूचना पर थाना बांदरी पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को सूचना से अवगत कराते हुये वरिष्ठ अधिकारी के आदेश पर तत्परता से थाना से पुलिस टीम के रवाना होकर के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 में ग्राम रजवांस के आगे पुलिया पर सूचना से प्राप्त हुलिये से मिलती जुलती एक ईको कार क्र.एमपी 15 सीए 3406 को पीछा करके रोका गया, चालक और साथी को घेराबंदी कर आरोपी निशांत पिता अरविन्द लोधी उम्र 19 साल निवासी वार्ड क्र. 02 थाना बंडा सागर को पकड़ा गया जिसके साथ जाकर के ईको कार को चैक करने पर उसमें 06 पेटी शीलबंद देशी लाल मसाला शराब की व 01 पेटी खुली हुई जिसमें 20 पांव लाल मसाला शराब के कुल 320 पाव देशी मसाला शराब के मात्रा 57.600 बल्क लिटर रखे हुये मिले आरोपी से शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में लाइसेंस मांगा जिसने कोई लाइसेंस नहीं होना बताया जो आरोपी का उक्त कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय होने से अवैध शराब को मौके पर जप्त किया व आरोपी निशांत लोधी को मौके पर अन्य आरोपी के संबंध में पूछताछ कर गिरफ्तार किया, जिसने पूछताछ पर अपने मौके से भागे साथी का नाम ड्राइवर आजाद विश्वकर्मा नि. बंडा होना बताया, आरोपी ड्राइवर की तलाश की गयी जो रोड किनारे लगी झाड़ियों के पास अन्य आरोपी वाहन चालक अन्जू उर्फ आबाद विश्वकर्मा पिता देवीप्रसाद विश्वकर्मा उम्र 24 साल निवासी ग्राम जमुनिया थाना बंडा का भी दस्तयाब हुआ जिससे पूछताछ कर मौके पर गिरफ्तार किया गया है और जप्तशुदा शराब और आरोपी लेकर के थाना वापसी पर अपराध क्र. 187/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व गिरफ्तारशुदा आरोपी निशांत पिता अरविन्द लोधी उम्र 19 साल निवासी वार्ड क्रं. 02 बडा थाना बंडा सागर 02 आजाद उर्फ अज्जू विश्वकर्मा पिता देवीप्रसाद विश्वकर्मा उम्र 24 साल निवासी ग्राम जमुनिया थाना बंडा को 25 मई को न्यायालय खुरई में पेश किया, जेल वारंट पर उप जेल खुरई दाखिल किया जाकर के वैधानिक कार्यवाही की गयी, उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रावेन्द्र सिंह चौहान थाना प्रभारी बांदरी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह राजावत, पुलिस कंट्रोल रूम सागर तथा बीडी अहिरवार थाना बांदरी, राकेश तिवारी, राजेश पांडेय, रामप्रसाद कुशवाहा, दीपक सोनी, राहुल सिंह, राजकुमार पालिया, प्रवीण राजावत थाना बहरोल की भूमिका रही।

### च्वाइंस फीलिंग की सुविधा 29 तक

**सागर, देशबन्धु।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य ने बताया कि डीएल एड नियमित पाठ्यक्रम सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। आवेदक 29 मई तक च्वाइंस फीलिंग कर सकेंगे इसके लिए आवेदकगण एमपी ऑन लाइन के कियोस्क सेन्टर से अपना रजिस्ट्रेशन, एडिटिंग कार्य भी करा सकेंगें।

### पुलिस ने राज्य के बाहर पुलिस टीम भेजकर 3 अपहृत नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया

**केसली, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा नाबालिग अपहर्त बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु अभियान चलाया जा रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपहृत नाबालिग बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु दिये गये निर्देशों एवं एसडीओपी देवरी के कुशल मार्गदर्शन में थाना स्तर पर प्रथक-प्रथक पुलिस टीमें गठित कर राज्य के बाहर एवं राज्य में अपहृत बालक बालिकाओं की पतारसी की गई जो 12 मई 23 को भटुआ टोला गौरझामर से अपहृत एक नाबालिग बालिका, 19 मई 2023 को पानौली जिला भरूच गुजरात से अपहृत एक नाबालिग बालिका एवं 25 मई 23 को केसली से अपहृत एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त अपहृत नाबालिग बालिकाओं की दस्तायावी मे उप निरी. नेहा सिंह गुर्जर थाना प्रभारी केसली, उप निरी. सुनील शर्मा चौकी प्रभारी टड़ा, उप निरी. सत्यव्रत धाकड़, पदम सिंह दांगी, विनोद, नीलेश इरपाचे, संतोष डुडवे, पुष्पेन्द्र यादव, रागिनी, अनामिका एवं सायबर सेल प्र.आर. अमर तिवारी, अमित शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।

## बीएमसी में 15 दिवस में व्यवस्था को पूरी तरह लागू न करने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई विधायक



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज पहुंचकर विगत दिनों हुए उनके निरीक्षण और दिए गए निर्देशों के फॉलो अप के लिए पहुंचे। इस दौरान अधिष्ठाता डॉ. आरएस वर्मा, सहायक अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह उपस्थित थे। उन्होंने बाथरूम की सफाई के लिए दिए गए निर्देशों को लेकर डीन और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सफाई एजेंसी के प्रबंधक को चेतावनी देते हुए निर्देश दिए की एक सेपरेट टीम टॉयलेट की सफाई के लिए नियुक्त करे। इस मेडिकल कॉलेज की सबसे बड़ी समस्या यहां की टॉयलेट की सफाई है, इसके लिए अभी प्रारंभिक तौर पर 2 टॉयलेट की सफाई के लिए 1 कर्मचारी पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात किया जाए जो हर घंटे टॉयलेट की सफाई करेगा और उसमे लगे हुए उपकरणों की भी सुरक्षा करें और प्रत्येक टॉयलेट में उस कर्मचारी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित करें ताकि गंदगी पाए जाने पर लोग उस नंबर पर सूचना दे सके। सफाई एजेंसी को इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए 15 दिन का समय दिया, साथ ही अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारी को पुरुस्कृत करने का सुझाव भी उन्होंने दिया, ताकि वह उत्साहपूर्वक कार्य कर सके। उन्होंने कहा की सारी टंकियों की सफाई की जाए और उस पर अगली सफाई की तारीख लिखी जाए ताकि प्रति माह टैंक की सफाई हो। वार्डों में पर्याप्त मात्रा में कूलर की व्यवस्था के निर्देश दिए, जिसमे प्रबंधन द्वारा बजट का हवाला दिया गया इसके लिए उन्होंने भोपाल में चिकित्सा शिक्षा मंत्री से इस संबंध में बात करने हेतु आश्वस्त किया, प्रबंधन ने 52 कूलरों की डिमांड रखी जिसके लिए विधायक ने कहा कि आप कितने कूलरों की व्यवस्था कर सकते हैं। वह मुझे बताए उसके अतिरिक्त शेष कूलरों की व्यवस्था हम और हमारे सहयोगी करेंगे।

## छतरपुर के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में रचा सफलता का कीर्तिमान, जिले के 10 हजार छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

# विकास ने 12वीं में हासिल किया प्रदेश में पहले स्थान



**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरूवार को जारी किए गए माध्यमिक शिक्षा मण्डल के बोर्ड परीक्षा परिणामों में छतरपुर के विद्यार्थियों ने सफलता के कीर्तिमान रच दिए हैं। पहली बार 10वीं और 12वीं के परिणामों में छतरपुर जिले के 28 विद्यार्थी प्रदेश की मैरिट सूची में शामिल हुए। लवकुशनगर जैसे छोटे से शहर में रहने वाले 12वीं के छात्र विकास द्विवेदी ने बायो संकाय से प्रदेश की मैरिट सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जिले के 69 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा में नियमित परीक्षार्थी के रूप में 24870 छात्र सम्मिलित हुए। गुरुवार को 24535 छात्रों को परिणाम घोषित किया गया। जिनमें से 10094 प्रथम श्रेणी में, 3606 द्वितीय श्रेणी में तथा 63 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। पूरक प्राप्त परीक्षार्थियों की संख्या 3789 रही। नियमित परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 59.94 है। इसमें बालकों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 56.54 तथा बालिकाओं का प्रतिशत 63.83 रहा।

इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा जिले के 72 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई थी। इस परीक्षा में जिले के विभिन्न स्कूलों के 24859 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। गुरुवार को 24858 छात्रों को परिणाम घोषित किया गया। जिनमें से 11814 प्रथम श्रेणी में, 5315 द्वितीय श्रेणी में तथा 76 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। पूरक प्राप्त परीक्षार्थियों की संख्या 2349 रही। नियमित परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 69.21 रहा। इसमें बालकों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 67.32 तथा बालिकाओं का प्रतिशत 71.37 रहा।

**10वीं में इन 12 बच्चों ने बनाया प्रदेश की सूची में स्थान :** प्रदेश में जारी हुए 10वीं के बोर्ड परिणामों में छतरपुर जिले की आस्था राजपूत पुत्री राजेन्द्र राजपूत ने प्रदेश में तीसरा स्थान पाया है। इसी तरह श्रीयंक सिंह परिहार तनय मनोहर सिंह परिहार ने 6वां स्थान, रमन राजपूत तनय भुमानीदीन राजपूत एवं जागेश चौरसिया तनय अंबिका प्रसाद चौरसिया लवकुशनगर ने संयुक्त रूप से 7वां, अनुष्का जैन पुत्री पवन जैन घुवारा, संजना नायक पुत्री मनीष नायक निवारी, अर्पित साहू तनय शंकरदीन साहू एवं वैभव अवस्थी तनय उमाशंकर अवस्थी ने संयुक्त रूप से 8वां स्थान, सौरभ प्रजापति तनय आशाराम प्रजापति पनौठा ने 9वां स्थान, अभय दुबे तनय रमाशंकर दुबे, शिवनारायण पाण्डेय तनय संतोष पाण्डेय बड़ामलहरा, उजाला सिंह परिहार पुत्री जयंत सिंह परिहार लवकुशनगर ने संयुक्त रूप से 10वां स्थान प्राप्त किया है।

**12वीं में 16 विद्यार्थियों ने गाड़े सफलता के झण्डे :** कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में भी छतरपुर जिले के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है। 12वीं के कला समूह में सायमा खान पुत्री मोहम्मद हाफिज हरपालपुर ने 6वां स्थान, आस्था पटेल पुत्री नवल किशोर पटेल ने 7वां स्थान, मुस्कान तिवारी पुत्री राममूर्ति तिवारी खजुराहो 10वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह गणित समूह में चौथे स्थान पर पूणिर्मा पांचाल पुत्री हीरालाल पांचाल, 5वें स्थान पर हेमंत पटेल तनय रामकिशोर पटेल एवं 7वें स्थान पर संयुक्त रूप से वेदांत पटैरिया तनय ललित कुमार पटैरिया नौगांव, प्रिंस मिश्रा तनय भगवतदीन मिश्रा, 8वें स्थान पर रविनारायण त्रिपाठी तनय देवी प्रसाद त्रिपाठी, 9वें स्थान पर संयुक्त रूप से शिवम वर्मा तनय करन वर्मा, तृप्ती शिवहरे पुत्री बाबूलाल शिवहरे, 10वें स्थान पर संयुक्त रूप से स्नेहा राजपूत पुत्री प्रेम सिंह राजपूत, खुशी गुप्ता पुत्री अभिषेक गुप्ता, हर्ष गोस्वामी तनय राजेश गोस्वामी रहे। इसी तरह ललित कला एवं गृह विज्ञान समूह में साधना राजपूत पुत्री जमुना प्रसाद राजपूत नौगांव तीसरे स्थान पर रहीं। जीव विज्ञान समूह में पहले स्थान पर विकास द्विवेदी तनय देवेन्द्र कुमार द्विवेदी लवकुशनगर रहे। वहीं 5वें स्थान पर साक्षी गुप्ता तनय भागवत गुप्ता राजनगर रहीं।



**जिले की मैरिट में राज प्रजापति रहे अव्वल :** 12वीं की परीक्षा में राज प्रजापति तनय रामप्रसाद प्रजापति ने जिले की मैरिट में प्रथम स्थान, ओजस्वनी मिश्रा तनय मनोज मिश्रा खजुराहो, सौम्या चतुर्वेदी पुत्री राजेश कुमार चतुर्वेदी हरपालपुर ने दूसरा स्थान, मानसी सोनी पुत्री हरीप्रसाद सोनी घुवारा, नितिन विश्वकर्मा तनय रामसजीवन विश्वकर्मा, प्रफुल्ल नायक तनय प्रशांत नायक खौंप निवारी ने जिले की मैरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**10वीं में सुमेश पटेल ने किया जिला टॉप :** 10वीं की परीक्षा में सुमेश कुमार पटेल तनय दीनदयाल पटेल, मनीष घोष तनय दशरथ घोष नौगांव, प्रांजल कुशवाहा तनय कैलाश कुशवाहा हरपालपुर, वंशिका गुप्ता पुत्री विवेक गुप्ता ने जिले में प्रथम स्थान, अंशिका गंगेले पुत्री कमलेश गंगेले, अनिकेत विश्वकर्मा तनय रमेश विश्वकर्मा राजनगर, झलक मिश्रा तनय सुनीलदत्त मिश्रा बिजावर, मयंक कुशवाहा तनय मोहन कुशवाहा, प्रियंका पाल पुत्री जगन्नाथ पाल ने दूसरा स्थान, अभिनव गुप्ता तनय महेशचन्द्र गुप्ता हरपालपुर, सौरभ राज अहिरवार तनय मंगलदीन अहिरवार राजनगर, शुभी पाल पुत्री पप्पू पाल बमनौरा, सिद्धी गुप्ता पुत्री दीपक गुप्ता बिजावर, सचिन राजपूत तनय बद्री राजपूत कैंथोकर, अनामिका चौधरी पुत्री रामपाल अहिरवार, पूर्वी कुशवाहा पुत्री जवाहर कुशवाहा, राज यादव तनय सुरेन्द्र यादव, खुशी नागर पुत्री राजेश नागर, शान्तनु पाठक तनय मनोज कुमार पाठक, सत्यम सिंह यादव तनय रनमत सिंह यादव एवं माही जैन पुत्री महेशचन्द्र जैन ने जिले की मैरिट में तीसरा स्थान पाया है।

**प्रदेश से अच्छा रहा छतरपुर का परीक्षा परिणाम :** बच्चों की सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी एमके कौटार्य ने शुभकामनाएं देते हुए बताया कि छतरपुर जिले के परीक्षा परिणाम प्रदेश की तुलना में बेहतर रहा है। श्री कौटार्य ने बताया कि प्रदेश में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 63.29 फीसदी रहा है जबकि छतरपुर जिले का परीक्षा परिणाम 69.21 फीसदी है। इसी तरह प्रदेश स्तर पर हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 55.28 फीसदी रहा जबकि छतरपुर जिले का 56.09 फीसदी रहा। उन्होंने बताया कि टॉप टेन की सूची में कक्षा 10वीं के 12 बच्चों ने स्थान हासिल किया है जबकि 12वीं के 16 बच्चों ने जगह पाई है। इसके साथ ही लवकुशनगर के एक छात्र विकास द्विवेदी ने बायोलॉजी संवर्ग से प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर छतरपुर जिले को गौरवान्वित किया है।

**उत्कृष्ट विद्यालय ने फिर लहराया सफलता का परचम :** छतरपुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक के प्राचार्य एसके उपाध्याय ने बताया कि उनके स्कूल से हाई स्कूल के 3 बच्चों ने प्रदेश की मेरिट में जगह बनाई है जबकि हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में 8 बच्चों ने स्थान हासिल किया है। प्राचार्य श्री उपाध्याय ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रतिदिन बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जाता था, उसी के परिणामस्वरूप बच्चों ने प्रदेश की मैरिट में स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि कई बच्चे ऐसे भी हैं जो महज एक या दो नंबर से सूची में स्थान हासिल करने से चूक गए हैं। उन्होंने सभी बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

**मैरिट में आयीं खुशी गुप्ता ने बताया सफलता का मंत्र :** प्रदेश की मेरिट सूची में 478 अंकों के साथ 10वां स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 12वीं के गणित संकाय की छात्रा खुशी गुप्ता ने बताया कि उनकी सफलता का श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों को जाता है। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थीं। सोशल मीडिया के लिए उन्होंने कहा कि जब कभी किसी प्रश्न पर वह अटक जाती थीं तब वे सोशल मीडिया से अपना समाधान करती थीं, उन्होंने कहा कि यदि दुरुपयोग न किया जाए जो सोशल मीडिया ज्ञानवर्धन के लिए एक अच्छा साधन है।




**आईएएस बनना चाहते हैं टॉपर हेमंत पटेल :** प्रदेश की मेरिट सूची में 483 अंकों के साथ 5वां स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 12वीं के गणित संकाय के छात्र हेमंत पटेल आईएएस बनना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। शिक्षकों और अभिभावकों को अपनी सफलता का श्रेय देते हुए हेमंत ने बताया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेते हैं। उन्होंने प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई की और वह भी तब जब उनका मन हुआ। हेमंत के माता-पिता ने भी उसे प्रोत्साहित करते थे।



**एनसीआरटी से पढ़ाई करना हर छात्र के लिए फायदेमंद :** कक्षा 10वीं की प्रदेश मेरिट सूची में 8वां स्थान प्राप्त करने वाले अर्पित साहू ने कहा कि परीक्षा से पहले करीब एक माह तक उन्होंने अतिरिक्त पढ़ाई की थी जिसका परीक्षा में उन्हें बहुत लाभ मिला है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को सलाह दी है कि एनसीआरटी की किताबों से पढ़ाई करना हर छात्र के लिए फायदेमंद है। अर्पित पढ़ाई के साथ-साथ चित्रकारी का शौक रखते हैं जिसकी पढ़ाई वे आगे करेंगे।



**सेल्फ स्टडी से वैभव ने हासिल किया प्रदेश में 8वां स्थान :** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमाक एक में अध्ययनरत कक्षा 10वीं के छात्र वैभव अवस्थी ने सेल्फ स्टडी की दम पर 487 अंकों के साथ प्रदेश में 8वां स्थान हासिल किया है। वैभव ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों के अलावा घर पर उनकी बहन ने पढ़ाई में उनकी मदद की, जिसके बूते पर उन्होंने यह सफलता हासिल की है। पढ़ाई के लिए उनके माता-पिता द्वारा प्रेरित किया जाता था। सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर वैभव ने कहा कि हर चीज के दो पहलू होते हैं, यदि सोशल मीडिया का इस्तेमाल ठीक ढंग से किया जाए तो यह फायदेमंद है और गलत तरीके से किया जाए तो नुकानदेय। अपने बारे में उन्होंने कहा कि वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल अपने अध्यापन कार्य तथा थोड़ी बहुत मनोरंजन के लिए करते थे।



## डीसेंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गाड़े सफलता के झंडे



शहर के डीसेंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ अपने स्कूल बल्कि माता-पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक अशोक दुबे ने बताया कि उनके विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा भावना चौरसिया ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अनुज सोनकिया 91.8 के साथ द्वितीय तथा तन्मय चौरसिया 88.6 के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

इसके अलावा हर्ष रैकवार ने 87.8 फीसदी अंकों के साथ चौथा, अक्षय विश्वकर्मा ने 87.4 फीसदी अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं के हर्ष नायक ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नंदिनी पटैरिया 85.2 के साथ दूसरे, शिवांशी बनोरिया 84.6 के साथ तीसरे, आशुतोष चौरसिया 83.4 के साथ चौथे और आदर्श चौरसिया 82.2 फीसदी अंकों के साथ पांचवें

**शीलिंग होम के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन :** नगर के शीलिंग होम इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में एम पी बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा दसवीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राकेश प्रजापति प्रथम स्थान पर रहे, द्वितीय स्थान पर दयाशंकर अनुरागी 95.4 प्रतिशत तृतीय स्थान पर सन्जू प्रजापति 95.2, रविनन्दन अहिरवार 93.6, राजवीर अहिरवार 93, रोशन अहिरवार 91.6, हृदेश अहिरवार 91.6 प्रतिशत, दीपेश अहिरवार 90.2, अभिषेक अहिरवार 89.4, अंकित अहिरवार 87, रूपक झारिया 86.2, ट्विंकल देवडिया 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में वेदांत पहरिया 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मैथ ग्रुप में प्रथम स्थान पर रहे, द्वितीय स्थान मैथ ग्रुप में दीपेन्द्र सुमन 89.6प्रतिशत, तृतीय स्थान मैथ ग्रुप में अभिनव द्विवेदी 89प्रतिशत, मैथ ग्रूप में पुष्पेन्द्र अहिरवार 87.8 प्रतिशत, मैथ ग्रूप में प्रान्शुल गुप्ता ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय संचालक संजीव नगरिया ने बच्चों को इस सफलता पर इनको शुभकामनाएं दी हैं।



**सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने पायी सफलता :** छतरपुर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंचाई कॉलोनी ने भी अपने विद्यार्थियों की मेहनत से शानदार सफलता अर्जित की है। विद्यालय की स्नेहा राजपूत ने गणित संकाय से 12वीं की प्रदेश मैरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी तरह 10वीं के छात्र रमन राजपूत तनय भुमानीदीन राजपूत ने 97.6 फीसदी अंकों के साथ प्रदेश की मैरिट सूची में 7वां स्थान अर्जित किया है। विद्यालय की अंशिका गंगेले 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं की जिले की मैरिट सूची में दूसरे स्थान पर रहीं।

## किसान की बेटी ने प्रदेश में पाया सातवां स्थान

छतरपुर के नंबर-1 स्कूल में अध्ययनरत जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम पनौठा के किसान परिवार की बेटी आस्था पटेल ने 481 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। अपनी इस सफलता के बाद आस्था भावुक हो गईं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों के साथ अपनी बड़ी बहन को दिया है। आस्था ने बताया कि प्रतिदिन उनकी पढ़ाई में बड़ी बहन ने सहयोग किया साथ ही माता-पिता भी प्रोत्साहित करते थे। इसके अलावा स्कूल आने-जाने में भी आस्था को संघर्ष करना पड़ा। स्कूल से उनके गांव की दूरी करीब 15 किमी है, जिसे वह प्रतिदिन टैक्सी अथवा बस से तय करती थीं। कभी कभार देरी होने पर उसके पिता उसे लेने आते थे। आस्था का सपना आईएएस बनने का जिसकी तैयारी उन्होंने शुरू कर दी है। आस्था के पिता नवलकिशोर पटेल ने बेटी की मेहनत की सराहना करते हुए खुशी व्यक्त की।




## लवकुशनगर के दो छात्रों ने किया गौरवान्वित

मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा में लवकुशनगर के दो छात्रों ने प्रदेश की मैरिट में स्थान पाया है। नगर के श्री विज्ञान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो छात्र विकास द्विवेदी तनय देवेन्द्र द्विवेदी ने कक्षा 12वीं के जीव विज्ञान समूह में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। विकास ने कहा कि वे आगे चलकर डॉक्टर बनने चाहते हैं। इसी तरह कक्षा 10वीं में प्रदेश की मैरिट में जागेश तनय अंबिका चौरसिया चंदेरा जिला टीकमगढ़ के निवासी हैं लेकिन लवकुशनगर के श्री विज्ञान स्कूल में पढ़ाई करते हुए उन्होंने नाम रोशन किया है। इसी तरह जागेश ने बताया वे भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं।



## 12वीं गणित में नौगांव के वेदांत ने पाया प्रदेश में 7वां स्थान



**नौगांव, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा गुरुवार को 10वीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए गए। जिसमें नौगांव शहर के वेदांत पटेरिया ने माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की मेरिट सूची में 12 वीं के गणित संकाय की संपूर्ण मध्यप्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। छात्र वेदांत ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों दिया है।

शहर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौगांव के छात्र वेदांत पटेरिया ने माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में 12वीं के गणित संकाय की संपूर्ण मध्यप्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। छात्र वेदांत ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर यह स्थान अर्जित किया है। वेदांत के पिता ललित पटेरिया सरस्वती स्कूल में ही शिक्षक हैं। वेदांत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादाजी, माता-पिता तथा अपने गुरुजनों को दिया। विद्यालय के व्यवस्थापक वीरेंद्र पाराशर ,डॉक्टर प्रदीप अग्रवाल, आलोक जयसवाल, संस्था प्राचार्य धीरेंद्र श्रीवास्तव ने छात्र की सफलता पर घर जाकर मिष्ठान खिलाकर एवं फूल माला पहनाकर शुभकामनाएं दी है।

नौगांव के रहने वाले वेदांत पटैरिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी दादा, माता पिता के साथ गुरुजनों को दिया है। वेदांत आगे भविष्य में आईआईटी में प्रवेश लेकर कैरियर बनाना चाहते हैं।

**मेधावी विद्यार्थियों को एक महीने का नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स :** हायर सेकंडरी और हाई स्कूल के घोषित परीक्षा परिणाम के बाद शहर में मेधावी विद्यार्थियों को एक माह का नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स कराया जाएगा। स्टेट बैंक के पास साहिल कंप्यूटर संचालित करने वाले रानू खान ने मेधावी छात्र छात्राओं को नि:शुल्क कंप्यूटर कोर्स कराने की बात कही है। संचालक रानू का कहना है कि नौगांव शहर के शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों में। से प्रत्येक स्कूल के हाई स्कूल और हाई सेकंडरी के टॉप 3 स्टूडेंट को उनके ट्रेनिंग सेंटर पर नि:शुल्क कंप्यूटर सिखाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक स्कूल के टॉप 3 विद्यार्थियों को एक महीने में कंप्यूटर की बेसिक नॉलेज देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करेंगे।

## कराटे एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा के गुर सिखा रहीं सौम्या



**नौगांव, देशबन्धु।** शहर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में पहली बार 24 मई से कराटे एवं मार्शल आर्ट का नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। शिविर में मार्शल आर्ट एवं कराटे में राष्ट्रीय चैंपियन गोल्ड मेडलिस्ट शहर की बेटी सौम्या रावत आधा सैकड़ा से अधिक बच्चों एवं युवतियों को ट्रेंड कर आत्मरक्षा के गुर सिखा रही हैं।

**सॉफ्टवेयर इंजीनियर सौम्या कराटे में हैं गोल्ड मेडलिस्ट**

नौगांव एवं आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों के लिए राष्ट्रीय कराटे एवं मार्शल आर्ट में गोल्ड मेडल जीतने वाली शहर की बेटी सौम्या रावत के द्वारा 24 मई से चार दिवसीय नि:शुल्क चार दिवसीय कराटे व मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। शिविर में सौम्या रावत के द्वारा सुबह 5 बजे से इस 4 दिवसीय नि:शुल्क वर्कशॉप में 6 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों को कराटे के बेसिक्स और जापानी कराटे की तकनीक सिखाई जा रही है। राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में 24 मई से 27 मई तक आयोजित हो रहे जा इस शिविर में राज्य एवं राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और शहर की बेटी सौम्या रावत आधा सैकड़ा से अधिक बच्चों एवं युवतियों को इस खेल के माध्यम से कराटे एवं मार्शल आर्ट के बेसिक्स के साथ साथ स्वस्थ, सुरक्षित एवं खेल में भविष्य बनाने से लेकर आत्मरक्षा के गुण सिखा रही हैं।

**गोवा में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता था गोल्ड मेडल :** चैंपियनशिप गोवा में 27 जनवरी से 30 जनवरी तक जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (जेकेऐआई) द्वारा आयोजित की गयी थी। इससे पहले भी सौम्या ओडिशा राज्य में राज्य स्तर पर कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। और इस बार उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वर्ण पदक जीता था। सौम्या हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। प्रिय सौम्या की लगन का ही यह परिणाम है कि अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद समय निकालकर कठोर परिश्रम कर इस मुकाम को हासिल किया था।

## शराबी ट्रक चालक ने मचाया आतंक, दो बाईकों को रौंदने के बाद कार को मारी टक्कर

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरूवार को एक शराबी ट्रक चालक का आतंक देखने को मिला। पहले तो ट्रक चालक ने सडक़ किनारे खड़ी दो बाईक कुचल डाली और इसके बाद एक कार को भी टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना सागर रोड पर हुई, जहां शराबी ट्रक चालक ने तेज रफ्तार से ट्रक चलाते हुए सडक़ के किनारे खड़ी दो बाईक को रौंद डाला और इसके बाद एक कार को टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रक का चालक मौके पर ट्रक छोडक़र भाग गया है।

### 59.75 करोड़ की लागत से होने वाले कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

# बिजावर और सटई में जल्द ही घर-घर पहुंचेगा शुद्ध पेयजल



**बिजावर, देशबन्धु।** बिजावर विधानसभा के विकासप्रिय विधायक राजेश शुक्ला बबलू के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के नगर सटई और बिजावर को बड़ी सौगात मिली है जिसके तहत जल्द ही दोनों नगरों की जनता के घरों तक शुद्ध पेयजल सप्लाई की जाएगी। विधायक श्री शुक्ला ने गुरूवार को जल आवर्धन योजना के तहत 59.75 करोड़ की लागत होने वाले इस कार्य का वैदिक रीति-रिवाज से शुभारंभ किया है। बिजावर के जटाशंकर तिराहे पर आयोजित गरिमामय समारोह में विधायक ने जनता को कार्य की विस्तृत जानकारी देकर इससे होने वाला लाभ बताया। वहीं जनता ने भी अपने विधायक आभार जताया है।

विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने अपने उद्बोधन में बताया कि जल आवर्धन योजना के तहत बिजावर और सटई में घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है जिससे हर नगरवासी का जलसंकट समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत देवरान के समीप धसान नदी पर बांध, इंटेक वैल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। बिजावर में जल सप्लाई हेतु आयोजन स्थल सहित तीन स्थानों पर टंकियां बनाई जाएंगी और 68 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। सर्वे के मुताबिक बिजावर के 2881 घरों में नलों से पानी पहुंचाया जाएगा। यह संपूर्ण कार्य 45 करोड़ 6 लाख की लागत से होगा। इसी तरह सटई में पानी की एक टंकी बनेगी, 1546 घरों में नल कनेक्शन होंगे तथा सटई में 40 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। सटई का कार्य 14 करोड़ 59 लाख की लागत से होगा। मंचीय कार्यक्रम के दौरान विधायक ने निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों को ठीक ढंग से निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सब कुछ ठीक रहा तो संभवत- इसी साल के दिसंबर माह में लोगों को पानी मिलना शुरू हो जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राममनोहर तिवारी, केडी गोस्वामी, नगर पालिका सीएमओ जगदीश मिश्रा, परियोजना प्रबंधक पीडी तिवारी एवं परियोजना से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, उपयंत्री और नगर के गणमान्य नागरिक, भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लकड़ी का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**नौगांव, देशबन्धु।** नौगांव वन परिक्षेत्र की टीम ने तिंदनी रोड पर अवैध लकड़ी से लोड ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ने में सफलता मिली है। विभाग ने वाहन एवं लकड़ी जप्त करते हुए वन विभाग की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की है। नौगांव वनपरिक्षेत्र के सहायक राजेंद्र कुमार सक्सेना ने परिक्षेत्र ने नौगांव हमराह वीट गॉर्ड महेबा ,वीट गॉर्ड गर्रोली एवं अन्य स्टॉफ के साथ तिंदनी रोड से नौगांव की ओर आ रहे एक लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर को रोककर पूंछतांछ की तो चालक लकड़ी से संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। जिस पर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र कुमार सक्सेना ने महिंद्रा ट्रैक्टर 275 डीआई ट्रैक्टर लाल रंग, एवं अवैध सतकठा लकड़ी से लोड ट्राली को जप्त कर लिया। वन परिक्षेत्र टीम ने वनोपज की जप्ती की कार्यवाही कर वाहन चालक प्रमोद तनय प्रभु दयाल कुशवाहा निवासी सुकवा के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीवद्द किया। इस कार्यवाई के दौरान वन रक्षक देवेंद्र सिंह राजावत,अंजुल सिंह परमार सहित अन्य अमला मौजूद रहा।

# अधिकारियों को उपार्जन का भुगतान जल्द करने के निर्देश



- **उपार्जन केन्द्र और तालाबों का किया निरीक्षण**

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर. ने गुरुवार को गौरिहार में ग्राम गहवारा के 2 तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि तालाबों का सीमांकन कराएं तथा ग्राम पंचायत के समन्वय स्थापति कर बेहतर तरीके से जीर्णोधार का कार्य करें। साथ ही चना खरीदी केन्द्र कृषि उपज मंडी लवकुशनगर का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि जो वास्तविक पंजीकृत किसान है उन्हीं के चने खरीदे जाएं और व्यापारी या उत्तर प्रदेश से आने वाले किसी भी बाहरी लोगों से खरीदी न की जाए। उन्होंने चेक पोस्ट गठित करने के भी निर्देश देते हुए कहा कि कृषकों के चना गेंहू आदि उपार्जन का जल्द भुगतान करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमति तपस्या परिहार उपस्थित रहीं।

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 26 मई 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# संसद भवन के उद्घाटन पर राजनैतिक विवाद

सेंट्रल विस्टा यानी भारत के नए संसद भवन का उद्घाटन 28 मई को होना है और केंद्र की मोदी सरकार ने फैसला लिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के हाथों उद्घाटन कराया जाएगा। इससे पहले इस भवन का शिलान्यास भी श्री मोदी ने ही किया था। नए संसद भवन का यह उद्घाटन कार्यक्रम पहले इस वजह से विवाद में आया कि सावरकर जयंती के दिन उद्घाटन कर मोदी सरकार क्या संदेश देना चाहती है। अब इस सवाल पर राजनैतिक बहस छिड़ गई है कि संसद भवन का उद्घाटन किसके हाथों होना चाहिए, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री। और जैसा कि हर राजनैतिक बहस में होता है, बात तर्क-वितर्कों से होते हुए कुतर्कों तक ले जाई जा रही है। कांग्रेस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, आप, सपा, राजद, जदयू, माकपा, भाकपा जैसे कई दलों का मानना है कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया है कि, 'राष्ट्रपति से संसद का उद्घाटन न करवाना और न ही उन्हें समारोह में बुलाना- यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, संवैधानिक मूल्यों से बनती है'। इस मसले पर एक जैसी राय रखने वाले तमाम दलों ने नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार का ऐलान किया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के वकील सीआर सुकिन ने शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति को उद्घाटन समारोह से बाहर करके, सरकार ने भारतीय संविधान का उल्लंघन किया है। याचिका में मांग की गई है कि उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों कराया जाना चाहिए।

देश की संसद महज कांक्रीट की इमारत नहीं होती है, आम नागरिकों की उम्मीदों का प्रतीक होती है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि यहां बैठकर, जनहित और देशहित के मसलों पर सार्थक चर्चा करेंगे, उचित फैसले लेंगे। इसलिए संसद भवन कई सौ कमरों की सर्वसुविधायुक्त इमारत हो या कोई साधारण सा मकान हो, असल मुद्दा तो ये है कि वहां लोकतंत्र धड़कता हुआ, अपने जिंदा होने पर खुश दिखाई देना चाहिए। अगर सारे तामझाम के नीचे लोकतंत्र कराहता हुआ दिखाई दे, तो समझ लेना चाहिए कि कहीं कुछ गलत है। देश में विपक्ष जब किसी मुद्दे पर अपना विरोध जाहिर करता है, तो यह लोकतंत्र के धड़कने की निशानी है। और सत्तापक्ष जब हर विरोध को देशभक्ति और राष्ट्रवाद से जोड़ने की कोशिश करे, तो यह लोकतंत्र के टूटने की पहचान है। संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से ही क्यों करवाना चाहिए, इसके लिए विपक्ष के पास पुख्ता तर्क हैं। विपक्ष संविधान के हवाले से बता रहा है कि राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है। संविधान राष्ट्रपति को कार्यकारी, विधायी, न्यायपालिका, आपातकालीन और सैन्य शक्तियां प्रदान करता है। विधायी शक्तियों में संसद के दोनों सदन, लोकसभा और राज्यसभा शामिल हैं। संविधान का अनुच्छेद-79 कहता है कि देश के लिए एक संसद होगी। इसमें राष्ट्रपति और दो सदन -राज्यसभा और लोकसभा शामिल होंगे। संविधान के अनुच्छेद-74 (1) में कहा गया है, 'राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री के साथ एक मंत्रिपरिषद होगा जो उनके कामों में मदद करेगा। आर्टिकल-87 कहता है कि प्रत्येक संसदीय सत्र की शुरुआत में राष्ट्रपति दोनों सदनों को संबोधित करेंगे। संविधान के इन प्रावधानों के मद्देनजर कांग्रेस का तर्क है कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए, न कि प्रधानमंत्री के।

विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी दलों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें। श्री जोशी ने कहा कि स्पीकर संसद का संरक्षक होता है और स्पीकर ने ही प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया है। पहले भी जो प्रधानमंत्री थे, उन लोगों ने भी बहुत सी इमारत वगैरह के उद्घाटन किए हैं। ऐसा कारण देकर इस तरह से कार्यक्रम का बहिष्कार करना ठीक नहीं है। लेकिन मुद्दा तो यही है कि बहुत सी इमारतों और संसद भवन में जो फर्क है, भाजपा उसे क्यों नहीं देख रही है। अगर प्रधानमंत्री को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया था, तो क्या यह श्री मोदी की जिम्मेदारी नहीं है कि वे इसके लिए अपनी जगह राष्ट्रपति मुर्मू के नाम का प्रस्ताव देते। इससे पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन भी मोदीजी ने ही किया था, जबकि तीनों सेनाओं की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति हैं। वैसे भी नोटबंदी से लेकर जीएसटी की घोषणा और ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने से लेकर रोजगार के नियुक्ति पत्र बांटने का सारा काम मोदीजी ही कर रहे हैं। बेहतर होता भाजपा संसद भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित करती, और मोदीजी वहां उपस्थित होते ही। अब प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगी तो प्रोटोकॉल के तहत राष्ट्रपति वहां मौजूद नहीं होंगी। यानी जिस संसद का वे अनिवार्य हिस्सा हैं, उसके उद्घाटन पर वे नहीं होंगी। यह स्थिति क्या लोकतंत्र के लिए अच्छी है, ये सवाल भाजपा को खुद से करना चाहिए।

लेकिन अभी कुछ भाजपा नेता पुराने प्रकरणों की याद दिला कर कांग्रेस को गलत साबित कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस संविधान का गलत हवाला दे रही है। प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी ने 24 अक्टूबर, 1975 को पार्लियामेंट एनेक्सी का उद्घाटन किया और राजीव गांधी ने 15 अगस्त 1987 को पार्लियामेंट लाइब्रेरी की आधारशिला रखी थी। कुछ नेताओं ने यह भी याद दिलाया कि छत्तीसगढ़ में नए विधानसभा भवन का शिलान्यास सोनिया गांधी ने किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मणिपुर की राजधानी इंफाल में नए विधानसभा परिसर और सिटी कन्वेंशन सेंटर समेत कई भवनों का शुभारंभ किया था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश विधानसभा के नए केंद्रीय कक्ष का उद्घाटन किया था। मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और तमिलनाडु के सीएम एम करुणानिधि ने नए विधानसभा परिसर का उद्घाटन किया था. और इन कार्यक्रमों में राज्यपाल को नहीं बुलाया गया था।

लेकिन राष्ट्रपति और राज्यपाल के पदों, अधिकारों और शक्तियों में बड़ा अंतर है। दोनों को एक पलड़े पर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक हैं। राष्ट्रपति निर्वाचित होते हैं। जबकि राज्यपाल मनोनीत होते हैं। इसलिए विधानसभा या विधानसभा के किसी केंद्र या कक्ष का उद्घाटन राज्यपाल न करें तो उससे फर्क नहीं पड़ता। मगर राष्ट्रपति की जगह प्रधानमंत्री से संसद भवन का उद्घाटन करवाया जाए, इससे देश की संवैधानिक व्यवस्था पर फर्क पड़ता है।

# जो गीत दिलों में क़त्ल हुए हर गीत का बदला मांगेंगे

अच्छा है कि ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'बॉस' कहा और यह भी अच्छा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उनसे ऑटोग्राफ लेने की ख़्वाहिश की। कोई उनके पैर छूने को ही लालायित है। सच तो यह है कि भारत की जनता भी उनसे कुछ उम्मीद रखती है। उन्हें यही कहना चाहती है या शायद कहती भी रही है लेकिन अक्सर देखा जाता है कि वे सरकार में मिलकर जनता के हित साधने में चूक कर जाते हैं। किसी भी लोकतंत्र में सरकार के मायने क्या होते हैं? यही कि उसके फैसलों से उसके नागरिकों की जिंदगी आसान हो, उनकी तकलीफ़ों की सुनवाई हो, वे सुरक्षित हों लेकिन क्या ऐसा है? तो फिर जंतर-मंतर पर देश के लिए मैडल लाने वाली पहलवानों की तकलीफ पर कोई क्यों कान नहीं धरता? दिल्ली पर जनता के विरुद्ध क्यों अध्यादेश आता है? और मणिपुर में 75 लोगों के प्राण जाने के बाद हिंसा का दोबारा भड़कना क्यों होता है? क्यों ऐसा होता है कि केंद्र की सरकार जिसका 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' में गहरा यकीन है वह महिला पहलवानों की पीड़ा को यूं अनदेखा कर देता है? 'सबका साथ सबका विकास' कहते-कहते मणिपुर में क्यों ऐसा फैसला लिया कि वह हिंसा की आग में जलने लगा? 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' का भी नारा तो दिया लेकिन दिल्ली राज्य पर अपनी सरकार का कब्ज़ा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद क्यों नहीं हटाया?

विदेशों में बसे भारतीय अपने मेहमान प्रधानमंत्री के लिए पलकें बिछाए हुए रहते हैं। यह स्वाभाविक भी है और फिर भाजपा ने इसे बड़े इवेंट्स में तब्दील करने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी है। खूब खर्च किया जाता है और फिर भारतीय मीडिया इसे दिखा-दिखाकर जनता के बीच अच्छी छवि गढ़ने के काम में जुट जाता है। अभी हाल ही में एनडीटीवी की एक पत्रकार पर ऐसा ही दबाव था जिसके चलते उन्हें इस्तीफ़ा देना पड़ा। बेशक, नेता का सम्मान होता है क्योंकि उसका देश उसे यह शक्ति देता है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का भी होता था और डॉक्टर मनमोहन सिंह का भी, जिनके लिए तो अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने यहां तक कहा था कि 'उनका होना दुनिया के लिए फख्र की बात है। लिहाजा उनका पूरा ध्यान रखा जाए।' यह सब अच्छा लगता है, लेकिन बात फिर वहीं लौटती है कि देश की जनता को क्यों भुला दिया जाता है। मुल्क में इन दिनों जो निर्णय लिए गए हैं उन पर भी गौर करने की जरूरत है, विचार की ज़रूरत है, बहस की ज़रूरत है। विदेश के लाल और खूबसूरत कालीन के नीचे इन फैसलों के कागजात दब नहीं जाने चाहिए। जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना, मणिपुर का धधकना, दिल्ली का अध्यादेश ऐसे तीन मुद्दे हैं जो देश में इस समय सुलग रहे हैं।

सितंबर में एशियाई खेल होने हैं। धरने पर बैठी विनेश फोगाट खुद 2018 में एशियाड में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। इस बार भी पहलवानों को तैयारी करनी है लेकिन वे आत्मसम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रही हैं। मैट पर अपने विरोधी खिलाड़ी से दो-दो हाथ करने की बजाय उन्हें सरकार से लड़ना पड़ रहा है। विनेश फोगाट अपने एक लेख में लिखती हैं-'सच है कि हमें देश के लिए और मेडल लेने हैं लेकिन ये लड़ाई बड़ी है। उन पदकों का गले में होने का क्या मान जब आप अपने लिए ही न्याय की लड़ाई नहीं लड़ सकते।' दिन ढलते ही मच्छरों का हमला होता है और सड़कों पर दौड़ने वाले कुत्ते आसपास आ जाते हैं। सबसे बड़ी समस्या होती है साफ टॉयलेट्स की। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह के ख़िलाफ़ सात पहलवानों ने, जिनमें से एक नाबालिग भी है, अपनी एफआईआर में कहा है कि इन्होंने उनका यौन शौषण किया है,उन्हें प्रताड़ित किया है। ये खिलाड़ी खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से भी बहुत निराश हैं। सबने उन्हें अपने साथ हुई ज्यादतियों की घटनाएं सुनाई लेकिन बाद में फिर उन्होंने सबूत की बात कह डाली जबकि भारतीय दंड विधान आईपीसी केवल पीड़िता के बयान को बहुत महत्वपूर्ण मानता है।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

आखिर क्यों ये सरकार देश के भीतर अक्सर देशवासियों से ही उलझती और भिड़ती देखी जाती है। शाहीन बाग, किसान आंदोलन और अब जंतर-मंतर पर एक महीने से न्याय मांग रही इन लड़कियों की शिकायत पर क्यों कोई कार्रवाई नहीं हो रही है? क्या केंद्र यही चाहता है कि ये लड़कियां हताश होकर अपनी अंधेरी और अत्याचार की दुनिया में लौट जाएं और फिर कोई बच्ची पहलवानी का जुनून लेकर अपने गांव से न चले?

आखिर क्यों ख़ामोश हैं वे लोग जो कहते हैं कि इन खिलाड़ियों के जीतने पर जब भारत का झंडा लहराता है तो उनके शरीर में सिहरन दौड़ जाती हैं और आंखें अनायास बहने लगती हैं। अब जब ये पहलवान लड़कियां खुद पर हुए अन्याय की बात करती हैं तब क्यों किसी के रोंगटे नहीं खड़े होते? देश के गौरव के लिए दिन-रात पसीना बहाने वाली इन खिलाड़ियों के आंसू क्यों किसी को नहीं दिखाई दे रहे? बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे की यही हकीकत है? आखिर क्यों ये सरकार देश के भीतर अक्सर देशवासियों से ही उलझती और भिड़ती देखी जाती है। शाहीन बाग, किसान आंदोलन और अब जंतर-मंतर पर एक महीने से न्याय मांग रही इन लड़कियों की शिकायत पर क्यों कोई कार्रवाई नहीं हो रही है? क्या केंद्र यही चाहता है कि ये लड़कियां हताश होकर अपनी अंधेरी और अत्याचार की दुनिया में लौट जाएं और फिर कोई बच्ची पहलवानी का जुनून लेकर अपने गांव से न चले? जो ऐसा नहीं है तो अब तक न आरोपी का इस्तीफा ही लिया गया न यह कहा गया कि वह बेगुनाह है।

जिस दूसरे मसले ने देश को हैरान किया और तकलीफ पहुंचाई वह सात बहनें कहे जाने वाले उत्तर पूर्व के 7 राज्यों में से एक मणिपुर से जुड़ी है। मार्च, 2022 में ही भारतीय जनता पार्टी ने वहां लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। 60 में से 37 विधायक भाजपा के ही हैं। लंबे समय से डबल इंजन की सरकार है लेकिन फिर क्यों मणिपुर हिंसक आग में जलने लगा? मिज़ोरम, असम, नगालैंड और म्यांमार से घिरा हुआ मणिपुर बेहद खूबसूरत प्रदेश तो है ही, देश को बड़ी प्रतिभाओं से भी रूबरू कराता आया है। बॉक्सर मेरी कोम, डिंको सिंह, वेटलिफ्टर मीराबाई चानू, कुंजू रानी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के प्रदेश में कुछ ठीक नहीं है। एक्टिविस्ट इरोम शर्मीला, जिन्हें देश 'आयरन लेडी' के नाम से जानता है, उन्होंने एक कानून के खिलाफ 16 साल तक अपना अनशन जारी रखा था उस प्रदेश को सेना के हवाले करना पड़ा है। बेहतरीन शेफ और कलाकार मणिपुर की बड़ी पहचान बन रहे थे कि प्रदेश में माहौल बिगड़ गया। भारत सरकार को इसकी चिंता होनी चाहिए क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में जहां चीन जैसा दुश्मन अपनी गिद्ध दृष्टि डाले हुए है वहां के लिए सरकार यूं अनजान कैसे रह सकती है?

मार्च 2023 में मणिपुर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से कहा था कि वह राज्य की आबादी में 53 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए चार हफ़्तों में केंद्र को सिफारिश भेजे। इसके बाद आदिवासी स्टूडेंट यूनियन का बड़ा प्रदर्शन हुआ। हालात इतने हिंसक हो जाएंगे, इसका आभास सरकार को होना चाहिए था क्योंकि 75 से ज़्यादा जानें जा चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव का कहना है कि पूर्वोत्तर बहुत संवेदनशील क्षेत्र है जहां विभिन्न जातीय समुदायों के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। चुनाव जीतना और सुशासन दो अलग-अलग पहलू हैं। सांसद का आरोप था कि भाजपा पूर्वोत्तर के डीएनए को नहीं समझती है जबकि मोदी का नारा था कि पूर्वोत्तर अष्टलक्ष्मी है, उसे भाजपा के कमल की ज़रूरत है।

तीसरा मसला दिल्ली का है जहां केंद्र की सरकार एक चुनी हुई सरकार के हक़ लेने पर तुली हुई है। सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले को, जिसमें दिल्ली सरकार को अपने अधिकारियों को चुनने, बदलने का हक़ होगा उसे एक अध्यादेश से पलट दिया है। क्या भाजपा को यही लगता है कि ऐसा कभी नहीं होगा कि उनकी पार्टी की भी दिल्ली राज्य में सरकार होगी और कभी केंद्र में उनकी सरकार नहीं भी होगी। क्या तब भी वे दिल्ली की चुनी हुई सरकार को उसके बुनियादी हक़ देने में इतने ही अनुदार होंगे? ऐसा तो कोई तानाशाह ही सोच सकता है। ऐसे अध्यादेश सरकार के नहीं नागरिक के हक़ छीनते हैं। वह अध्यादेश ही था जिसने इंदौर की शाहबानो को गुज़ारा भत्ता देने से इंकार कर दिया था। तलाक के बाद अदालत ने उनके शौहर को गुज़ारा भत्ता देने के लिए कहा था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भी अध्यादेश थमा दिया। शायद जनता के लिए अभी भी अच्छा वक्त आया नहीं है। शायर फैज़ अहमद फैज़ ने लिखा है-

जो ख़ून बहा जो बाग़ उजड़े जो गीत दिलों में क़त्ल हुए।
हर कतरे का हर गुंचे का हर गीत का बदला मांगेंगे।।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# सहनशीलता के आलोक में पंडित नेहरू और संघ परिवार

केन्द्र में वर्तमान सत्ताधारी दल भाजपा और उसके प्रधानमंत्री को जरा सी भी आलोचना सहन नहीं है। वे आलोचना करने वाले कई पत्रकारों और विपक्षी नेताओं से बदला लेने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। यहां तक कि उन्हें झूठे-सच्चे आरोप लगाकर गिरफ्तार करने और कई महीनों तक कैद रखने के बहुत से मामले हमने देखे हैं। इस पृष्ठभूमि में नेहरू जी की पुण्यतिथि (27 मई) के अवसर पर यह देखना प्रासंगिक होगा कि नेहरू जी का उनकी आलोचना करने वालों के प्रति क्या रवैया रहता था और वर्तमान शासक दल का क्या रवैया रहता है।

लोकसभा में चीनी हमले पर बहस हो रही थी। बहस में भाग लेते हुए समाजवादी सदस्य हेम बरूआ ने नेहरू जी को गद्दार कह दिया। नेहरू जी स्वयं सदन में बैठे थे। लोकसभा के भोजनावकाश के दौरान नेहरू ने हेम बरूआ को बुलवाया। नेहरू जी ने उन्हें काफी पिलवाई, उनके भाषण की प्रशंसा की और आने के लिये धन्यवाद कहकर उन्हें विदा किया।



एल एस हरदेनिया

नेहरू जी से संबंधित ये दोनों घटनाएं यह बताती हैं कि सहिष्णुता क्या होती है। इस समय सत्ताधारी पार्टी यह दावा कर रही है कि देश में सहिष्णुता का वातावरण है। मेरी राय में इससे बड़ा झूठ कुछ नहीं हो सकता। सच यह है कि भाजपा और संघ के नेता जो कह रहे हैं और जिस भाषा का उपयोग कर रहे हैं, उसे कोई भी सहन नहीं कर सकता।

इसी तरह, लोकसभा में एक समाचारपत्र के विरुद्ध प्रस्तुत अवमानना के प्रस्ताव पर बहस चल रही थी। समाचारपत्र ने तत्कालीन स्पीकर सरदार हुकुम सिंह के विरूद्ध एक अपमानजनक टिप्पणी की थी। टिप्पणी लगभग बेबुनियाद थी इसलिए इसकी लोकसभा में रोषपूर्ण प्रतिक्रिया हुई। अनेक सदस्यों ने मांग की कि संबंधित समाचारपत्र के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। बहस में हस्तक्षेप करते हुए नेहरू जी ने कहा कि अखबार के संपादक के विरूद्ध काफी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस पर सदन में तालियां बजीं परंतु कुछ क्षणों के बाद, ऊंची आवाज़ में नेहरू ने कहा कि मेरी राय में इस समाचारपत्र की उपेक्षा की जाए, उसकी टिप्पणी को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ किया जाए। मेरी राय में यही सबसे कड़ी कार्रवाई होगी।

27 मई, 1964 को नेहरू जी की मृत्यु हुई। नेहरू जी की मृत्यु के बाद हेम बरूआ ने एक लेख लिखा। लेख में उन्होंने कहा कि नेहरू के पार्थिव शरीर का मैंने तीन बार चरण स्पर्श किया। पहली बार मैंने आज़ादी के आंदोलन के हीरो के रूप में उन्हें सलाम किया, दूसरी बार एक महान प्रधानमंत्री के रूप में मैंने उन्हें याद किया और तीसरी बार मैंने उन्हें गद्दार कहने के अपने गंभीर अपराध के लिए क्षमा मांगी।

नेहरू जी से संबंधित ये दोनों घटनाएं यह बताती हैं कि सहिष्णुता क्या होती है। इस समय सत्ताधारी पार्टी यह दावा कर रही है कि देश में सहिष्णुता का वातावरण है। मेरी राय में इससे बड़ा झूठ कुछ नहीं हो सकता। सच यह है कि भाजपा और संघ के नेता जो कह रहे हैं और जिस भाषा का उपयोग कर रहे हैं, उसे कोई भी सहन नहीं कर सकता। हमें याद है कि बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि यदि राज्य में भाजपा हारेगी तो पाकिस्तान में पटाखे चलेंगे। अमित शाह ने ऐसा कहकर पूरे बिहार का अपमान किया था। बिहार ने उनके द्वारा किए गए इस अपमान का बदला भाजपा को हराकर लिया। यदि ऐसी भाषा में भाजपा के बारे में बोला जाता तो उसके नेता आसमान सिर पर उठा लेते। सच पूछा जाए तो संघ परिवार की यह फितरत है कि यदि वह किसी के बारे में कुछ भी कहे तो उसे सहा जाए परंतु यदि कोई उसके विरूद्ध कोई कुछ कहता है, तो वह उसे कदापि सहन नहीं करता। संघ परिवार की एक और आदत यह है कि यदि कोई उसके किसी विचार या नेता की आलोचना करता है तो वे उसे तुरंत पाकिस्तान चले जाने की सलाह देता है। जैसे जब शाहरूख खान और आमिर खान ने कुछ ऐसी बातें कहीं जो संघ परिवार को पसंद नहीं आईं तो उसकी ओर से आदेश दे दिया गया कि दोनों पाकिस्तान चले जाएं।

सच बात यह है कि जब से दिल्ली में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली है तब से ही पूरे देश में घृणा का वातावरण निर्मित हो गया है। इसका कारण यह है कि भारतीय जनता पार्टी के अनेक नेता, जिनमें कुछ केन्द्रीय मंत्री शामिल हैं, ऐसी बातें कहने लगे हैं जो एक प्रजातांत्रिक समाज में नहीं कही जानी चाहिए। इससे बड़ी चिंता की बात यह है कि भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने ऐसे गैर-ज़िम्मेदार नेताओं को दंडित करना तो दूर, उन्हें फटकारा तक नहीं।

असल बात यह है कि संघ परिवार के अंदर भी उसके सदस्यों को बोलने की आज़ादी नहीं है। बुनियादी रूप से संघ एक फासिस्ट संगठन है। इस संगठन में उसी तरह की परंपरा है जैसी सेना में रहती है। जब संघ का कोई कार्यक्रम होता है तो स्वयंसेवकों को दो आदेश दिए जाते हैं-पहला शांति बनाए रखिए और दूसरा ताली मत बजाइए।

किसी के भाषण के दौरान ताली उस समय बजाई जाती है जब हमें वक्ता की कोई बात अच्छी लगती है। तालियां बजाना मन की भावना प्रकट करने का माध्यम है। परंतु लगता है कि संघ में अपनी प्रसन्नता जाहिर करने पर भी प्रतिबंध है। संघ यह मानता है कि चूंकि अब हम सत्ता में हैं इसलिए पूरा देश संघ की शाखा बन गया है और वहां वही अनुशासन होना चाहिए, जो संघ की शाखा में रहता है।

लगता है कि संघ यह भूल गया है कि भारत वह देश है जहां गांधी और नेहरू ने जन्म लिया था, जिन्होंने आज़ाद भारत की नींव रखी और सभी नागरिकों को वाणी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी। हम एक प्रजातांत्रिक देश हैं और प्रजातंत्र की सबसे बड़ी शर्त वाणी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

यदि इन स्वतंत्रताओं को सीमित कर दिया जाता है तो उससे प्रजातंत्र की नींव कमज़ोर होती है। प्रजातंत्र का अर्थ केवल चुनाव नहीं है। चुनाव, प्रजातंत्र का एक हिस्सा भर हैं। बोलने-लिखने की आज़ादी प्रजातंत्र में अपरिहार्य है। नेहरू जी ने वास्तविक प्रजातंत्र की नींव रखी थी। आज की सत्ताधारी पार्टी, नेहरू की स्मृति के साथ-साथ उनके द्वारा स्थापित हमारे प्रजातांत्रिक समाज को भी नष्ट करना चाहती है।

## पावन प्रसंग

# सर्वोपरि है कर्म की महत्ता

यह सत्य है कि मनुष्य परमात्मा के द्वारा सृजित इस सुंदर सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है, पर सत्य यह भी है कि उसकी श्रेष्ठता प्रकट तभी होती है जब वह श्रेष्ठ कर्म करता है। जब वह अच्छे कर्म करता है। एक ओर अपने सांसारिक कर्मों से वह भौतिक प्रगति के सर्वोच्च सोपान को पा सकता है तो वहीं दूसरी ओर अपने आध्यात्मिक कर्मों से वह अपनी चेतना के सर्वोच्च शिखर को छूकर आध्यात्मिकता के शिखर तक पहुंचकर अपने जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य, परम लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। इसे प्राप्त कर वह सचमुच शाश्वत सुख व परम आनंद की प्राप्ति कर सकता है। वह भौतिक, आध्यात्मिक दोनों सुखों की प्राप्ति क सकता है। अस्तु यह स्पष्ट है कि भौतिकता की चरम उपलब्धि करनी हो या आध्यात्मिकता की परम उपलब्धि कर परम आनंद की प्राप्ति करनी हो-तो दोनों के मूल में कर्म ही है। इसलिए कर्म ही जीवन का सार है। मनुष्य की मृत्यु के बाद उसका कर्म ही शेष रह जाता है। वह जीवनपर्यन्त अपने अच्छे -बुरे कर्म के कारण ही जाना जाता है और सुख-दुख प्राप्त करता है और मरने के बाद भी अपने जीवन में किए गए कर्मों के आधार पर ही नूतन जीवन पाता है या परमगति को प्राप्त करता है।

अब तक मानवीय सभ्यता का जो विकास हो सकता है, वह मनुष्य के द्वारा किए गए कार्यों का ही परिणाम है। आज दुनिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष, विज्ञान, सूचना, संचार तकनीक आदि के क्षेत्र में जो क्रांति, प्रगति दिखाई पड़ रही है, वह मनुष्य के द्वारा किए गए आविष्कारों व प्रयासों का ही परिणाम है। कर्मशील बनकर ही मनुष्य ने चंद्रग्रह, मंगल ग्रह तक अपनी पहुंच बनाई है। इस संसार में शिक्षा, चिकित्सा, अंतरिक्ष, उद्योग, खेल, व्यवसाय फिल्म, राजनीति, साहित्य, विज्ञान, अध्यात्म आदि विभिन्न क्षेत्रों में जिन लोगों ने भी सफलता पाई है या सफलता के सर्वोच्च शिखर को छुआ है- उसे उन्होंने अपने कार्यों के बल पर ही किया है।

जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल या असफल होना हमारे कर्मों के ऊपर ही निर्भर करता है। कर्म से ही व्यक्ति के जीवन की दिशा व दशा तय होती है। सत्प्रयास, सत्कार्य, गलत कर्म, बुरे कर्म करने से मनुष्य का पतन होता है।

कर्मशील व्यक्ति के लिए इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है तो वहीं कर्महीन, निष्क्रिय व्यक्ति के लिए इस संसार में कुछ भी सुलभ नहीं है। कर्मशील व्यक्ति का जीवन सुख, समृद्धि, धन, ऐश्वर्य, यश व आनंद से भर जाता है। निष्क्रिय व्यक्ति का जीवन दुख, दारिद्रय, कष्ट कलेश व अभावों से भर जाता है।

यदि हम जीवन में भौतिक या आध्यात्मिक उत्थान चाहते हैं तो हमें कर्मशील रहना ही होगा। यदि हम जीवन में सुख, समृद्धि, सफलता शांति व आनंद पाना चाहते हैं तो हमें सदैव कर्मशील होना चाहिए। कर्मशीलता का दूसरा नाम ही जीवन है और अकर्मण्यता व निष्क्रियता का दूसरा नाम मृत्यु है। अकर्मण्य व्यक्ति के लिए तो शरीर का निर्वाह कर पाना भी संभव नहीं होता।

अस्तु इस जीवन में कर्म की महत्ता सर्वोपरि है, सर्वविदित है। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा है कि मेरे लिए कोई कर्म करना शेष नहीं, पर फिर भी मैं करता हूं। अत: मनुष्य को भी कर्मशील रहना चाहिए। प्रकृति भी सदैव क्रियाशील होकर हमें क्रियाशील होने की प्रेरणा दे रही है। पृथ्वी गतिशील है, सरिताएं सदैव प्रवाहमान हैं। समुद्र में लहरें उठती ही रहती हैं, सूर्य जगत को प्रकाशित करने में संलग्न है। गगनमंडल में चंद्रमा भी प्रकाशित है-सितारे भी टूटते-बिखरते रहते हैं।

अत: हमें भी गतिशील होना चाहिए क्रियाशील होना चाहिए।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# किसान की उन्नति देश की उन्नति

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी, कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान झेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है कि यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निस्संदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 135 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निस्संदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं।

**संजीव ठाकुर**

# हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में प्रदेश की मेरिट सूची से पन्ना जिलें के छात्रों ने मारी बाजी



**पन्ना, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी किये गये कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम जिले का 59 प्रतिशत रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत कम है। प्रदेश स्तर से जारी की गई। सूची में पन्ना जिले के छह विद्यार्थी प्रवीणय सूची में आये है। जिसमें पन्ना जिले से कु. नम्रता यादव पिता लोकेन्द्र यादव नेशनल पब्लिक स्कूल को 500 में 488 अंक प्राप्त किये है तथा मैरिट सूची में इनका स्थान सातवें स्थान पर है। संस्कृति जैन पिता सुशील जैन रेन्वो स्कूल देवेन्द्र नगर को 500 में 488 अंक प्राप्त हुए है, इसी प्रकार अविनाश गर्ग पिता अविनीश गर्ग सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल गुनौर को 500 में 486 अंक तथा कुमारी कनका संचांक पिता निर्देश शचांक एक्सेस पब्लिक स्कूल अजयगढ को भी 486 अंक प्राप्त हुए है। जिनका संयुक्त रूप से मैरिट में नौवा स्थान है। राज चतुर्वेदी पिता रामसुरेश सरस्वती ज्ञान मंदिर गुनौर को 500 में 485 अंक प्राप्त हुए। इसी प्रकार चंचल विश्वकर्मा पिता बृदादीन विश्वकर्मा एक्सेस पब्लिक स्कूल अजयगढ को 800 में 485 अंक प्राप्त हुए। जो संयुक्त रूप से प्रदेश की मैरिट सूची मे 10 स्थान पर है। जिला स्तर से जारी की गई सूची में प्रिंन्सी पान्डेय पिता दिवाकर पान्डेय रायल पब्लिक स्कूल पन्ना को 500 में 483 अंक प्राप्त हुए है तथा जिले की मैरिट सूची में प्रथम स्थान है। आफरीन खातून पिता राशिद खान नेशनल पब्लिक स्कूल पन्ना को 500 में 483 अंक प्राप्त हुए है। मान्या जैन पिता अमित जैन रेन्वो पब्लिक स्कूल देवेन्द्र नगर को 500 मे 482 अंक प्राप्त हुए है। वैष्णी पान्डेय पिता संजय पान्डेय सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल को 500 में 482 अंक प्राप्त हुए। जिसका द्वितीय स्थान है। नीरज यादव पिता भागवत सिंह यादव सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल को 500 में 481 अंक प्राप्त हुए है।

## अंकित चौरहा का सहायक प्राध्यापक में चयन

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना नगर के होनहहार छात्र अंकित चौरहा का बिहार मे सहायक प्राध्यापक पद



पर चयन हुआ है। अंकित चौरहा स्वास्थ विभाग में पदस्थ राजेश चौरहा के सबसे छोटे पुत्र है उनके चयन पर इस्ट मित्रो, शुभ चिंतको, रिश्तेदारो ने बंधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## छात्रा सृष्टि शाक्य ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**पन्ना, देशबन्धु।** शासकीय कन्या हाईस्कूल सिमरिया मैं अध्ययनरत कुमारी सृष्टि शाक्य पिता सुरेंद्र शाक्य माता निशा शाक्य ने हाईस्कूल परीक्षा 2023 मैं 95.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवान्वित किया।



उनकी उक्त सफलता पर प्राचार्य कैलाश कुमार गुप्ता शिक्षकगणों, परिजनों, शुभचिंतको ने छात्रा को बंधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## तालाब में डूबने से बालिका की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** तालाब में नहाने गई 6 वर्षीय मासूम बालिका डूब जाने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत रामपुर खजरी ग्राम के खिरिया टोला मे रहने वाले आदिवासी पप्पू आदिवासी की छह वर्षीय पुत्री लाडली आदिवासी गांव में ही स्थित तालाब नहाने गई थी लेकिन वह वापिस नही लौटी परिजनो ने सभी जगह खांजबीन की दूसरे दिन तालाब में तैरते हुए शव बरामद किया गया।

# जिले के महत्वपूर्ण त्यौहार हलषठ तथा जन्मष्टमी को राज्य उत्सव मे शामिल करने सौंपा ज्ञापन

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय ने धार्मिक गतिविधियों को लेकर समाजसेवियों द्वारा पवित्र नगर मंच बनाया गया था। जिसका उद्देश्य पन्ना नगर के मंदिरो त्योहारो तथा धार्मिक कार्यक्रमो को उंचाईया देना है एवं शासन प्रशासन के माध्यम से जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को गरिमा एवं भव्यता प्रदान करने के लिए आवाज उठाना है। इसी तारतम्य में पन्ना पत्रित नगर मंच के संयोजक कैलाश मोदी द्वारा पन्ना प्रवास पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें उन्होने उल्लेख किया है कि पन्ना जिला मुख्यालय मंदिरों की नगरी है। यहां पर भव्य श्रीकृष्ण जुगल किशोर जी का मंदिर, बल्देव जी का अद्भुत मंदिर तथा महामति प्राणनाथ का मंदिर स्थापित है। जहां पर पूरे देश से भक्तगण दर्शन के लिए आते है। इसलिए पन्ना जिले के मंदिरो को मप्र शासन की धार्मिक सूची में शामिल किया जायें तथा प्रतिवर्ष पन्ना नगर में परमपरागत जन्मष्टमी तथा हलषठ उत्सव का भव्य आयोजन धूम धाम से करते हुए राज्य उत्सव मे शामिल किया जाये तथा प्रतिवर्ष एक सप्ताह तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कृति विभाग के माध्यम से आयोजित किया जाये। ज्ञापन देने वालो में संरक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा, योगेन्द्र शुक्ला, उमाकांत रिछारिया, कुंजबिहारी शर्मा, सरदार जगमोहन कोहली, सालोमन थापा, धर्मदास कुशवाहा सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## नाम निर्देशन पत्र के साथ नो.ड्यूज प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना जरूरी

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले में आगामी 30 मई तक जिला पंचायत सदस्य के वार्ड क्र. 15 में रिक्त पद तथा अजयगढ़ विकासखण्ड को छोड़कर अन्य 4 विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायत के अलग-अलग वार्ड में रिक्त पंच के 578 पद पर उपचुनाव के लिए अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र भरकर जमा करा सकते हैं। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत जिपं सदस्य एवं पंच पद के अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र के साथ पंचायत तथा विद्युत वितरण कम्पनी को देय शोध्यों की बकाया वसूली के संबंध में अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है। जिपं सदस्य पद के उम्मीदवार को संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत का नो.ड्यूज प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

# मंडी में सेठ साहूकार कर रहे किसानों की तौल में धांधली



▸ विभिन्न मांगों को लेकर किसान खेत मजदूर संगठन ने किया प्रदर्शन

**गुना, देशबन्धु।** बिजली संशोधन बिल के खिलाफ, कृषि उपजों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी एवं नारायणपुरा शक्कर कारखाने की मांग को लेकर बुधवार को हनुमान चौराहा पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य सचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि आज खेती किसानी करना पूरी तरह घाटे का सौदा बन चुका है। केंद्र व विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा खेती में देशी-विदेशी कंपनियों को मुनाफा कमाने की छूट दे दी है। परिणाम स्वरूप खाद, बीज, डीजल, कीटनाशक, बिजली सभी लागत सामग्री आज बड़ी-बड़ी कंपनियों के हाथों में है। यही कंपनियां अपने उत्पाद तो किसानों को मनमाने दामों में बेच रहे हैं पर किसान की उपज को कम से कम कीमत पर खरीद कर उन पर ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने की कोशिश कर रही है। इसीलिए संगठन लगातार यह मांग कर रहा है कि कृषि उपज पर संपूर्ण राज्य में पर लागू होना चाहिए। यानी किसानों की तमाम उपज को सही ढंग से निर्धारित एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर सरकार को स्वयं खरीद करना चाहिए। वहीं जिला सचिव महेंद्र नायक ने कहा कि किसान कर्ज माफी नहीं कर्ज से मुक्ति की बात करते हैं यह सरकारों द्वारा किए जाने वाला कोई एहसान नहीं बल्कि यह किसानों का हक है।

संगठन के ऊधमसिंह ने कहा कि स्थानीय नानाखेड़ी मंडी में दूर दूर से किसान आते हैं। लेकिन मंडी में सेठ साहूकारों द्वारा किसानों से धोखा किया जा रहा है। उसकी उपज तौल में धांधली की जा रही है। साथ ही मंडी में पेयजल सफाई जैसी मूल भूत सुविधाएँ भी नहीं है। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। नहीं तो उग्र आंदोलन होगा।

## 7 विभागों की योजनाओं के 1581 हितग्राहियों को हितलाभ वितरण

**गुना, देशबन्धु।** जिला स्तरीय रोजगार दिवस का आयोजन बुधवार को एनआईसी कक्ष गुना में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक गोपीलाल जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी, सांसद प्रतिनिधि रमेश मालवीय सहित कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए. उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र एलएन श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में संचालित स्वरोजगार विभागों के 7 विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के 1581 हितग्राहियों को 1295 लाख का हितलाभ वितरण एवं एमएसएमई प्रोत्साहन योजनांतर्गत 9 इकाईयों को 1 करोड़ 46 लाख का अनुदान उनके खाते में अंतरित किया गया। इन कंपनियों को एमएसएमई योजनांतर्गत उद्योग विकास अनुदान एवं ब्याज अनुदान प्रदान किया गया। इस दौरान टोकन स्वरूप मौके पर पीएमईजीपी के रोहित साहू को एलईडी बल्ब निर्माण, अनकिल खान को आटो मोटर के लिए हितलाभ दिया गया। साथ ही उद्यम क्रांति योजना के हितग्राही देवेन्द्र प्रजापति को किराना दुकान, नीरज यादव को किराना दुकान एवं ईशान खत्री को स्टेशनरी पेंटिंग के लिए मौके पर अतिथियों द्वारा हितलाभ प्रदान किया गया। सांसद प्रतिनिधि रमेश मालवीय ने कहा कि आज जिन उद्यमियों को ब्याज अनुदान एवं अनुदान मिला है उनसे आग्रह है कि वह श्रमिकों के हितों का ध्यान रखें और अपने व्यवसाय को आगे बढाएं और लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार दें।

## कांग्रेस ने वार्ड 7 में शिविर लगाकर भरे नारी सम्मान योजना के फॉर्म

**गुना, देशबन्धु।** जिले में कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां का शंखनाद कर दिया है। दरअसल पूर्व सीएम कमलनाथ की चुनावी घोषणा के तहत नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने शहर के वार्ड 7 में शिविर लगाकर महिलाओं के फॉर्म भरे। इस मौके पर नपा में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने बताया कि शहर के अलग-अलग वार्डों एवं मोहल्लों में शिविर लगाकर नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरे जाएंगे। शिविर के दौरान महिलाओं के फॉर्म भरे जाएंगे। साथ ही पूर्व सीएम कमलनाथ की घोषणा के अनुसार कांग्रेस की सरकार बनने पर घरेलू गैस सिलेंडर 500 रुपए में देने की जानकारी दी जाएगी।उन्होंने बताया कि बुधवार को कांग्रेस द्वारा वार्ड नंबर 7 में शिविर लगाया गया। इस दौरान दौ सैकड़ा से अधिक महिलाओं के नारी सम्मान योजना के तहत फॉर्म भरे गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को बताया गया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही हर माह 1500 रुपए मिलेंगे। इसके अलावा घरेलू गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना की सबसे खास बात यह है कि नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरना काफी आसान है। इसमें ज्यादा कागजी खानापूर्ति की जरूरत नहीं है।

# प्रशिक्षण के दौरान नहीं कराई सामग्री उपलब्ध, स्टंप की जगह डस्टबीन रखा

**आष्टा, देशबन्धु।** ग्रीष्मकाल मे शासन की ओर से लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश अनुसार विद्यालय मे अध्यनरत छात्र छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 5 मई से 5 जून तक आयोजित किया जा रहा है। लेकिन जवाबदारों की लापरवाही के कारण बच्चों को पर्याप्त सामग्री उपलब्ध नहीं होने के कारण बच्चे खेल के प्रति रूझान नहीं रख रहें है। क्रिकेट और फुटबाल दोनों ही एक ही स्थान पर खिलाई जा रही थी। सबसे मजेदार बात तो यह है कि क्रिकेट खेलते समय छात्रों को बल्ला और गेद तो उपलब्ध कराई लेकिन स्टंप नही होने के कारण उन्होने कचरा रखने का डस्टबीन एक बड़ी बाल्टी रखकर उसे ही स्टंप मान लिया। जबकि शासन की ओर से प्रत्येक खिलाड़ियों को सुबह नाश्ता के लिए 20 रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। जबकि मौजूदगी मे हमारे सर्वे करने पर मात्र 19 बच्चे मिले जबकि नाश्ता 50 का बताया जा रहा है। यह भी एक जांच का विषय है। जबकि शासन में प्रशिक्षक का मानदेय भी 10 हजार रुपए प्रतिमाह देय होगा । वही 50 छात्रों पर एक शिक्षक 100 से अधिक छात्रों पर 2 शिक्षक नियुक्त किए जाने है। ग्रीष्मकालीन शिविर एंव खेलो की प्रतियोगिता का अयोजन एक एक नोडल सेंटर पर 9 से 10 जून तक किया जाना सुनिश्चित किया है।



### इनका कहना है

प्राचार्य सितवत खान का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार 5 मई से 5 जून तक छात्रो का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। खेल की सामग्री पर्याप्त उपलब्ध है। लेकिन कोच एवं शिक्षक ने सामग्री का उपयोग नही किया है। स्टंप की जगह डस्टबीन का उपयोग किया है। वही वॉलीबाल में जाली नही लगाई है। यह गलती हुई है। यह दोबारा नही होगा।

**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कहा दोबारा नही होगी ऐसी त्रुटि :** शासन के निर्देशानुसार छा्त्र छात्रो द्वारा खेलो का प्रतिक्षण लिया जा रहा है। जिसमे सामग्री नही होने की सूचना आपसे मिली है। मैने मौके पर देखा है। स्टंप की जगह डस्टबीन रखा है। वॉलीबाल खेल मे भी बीच मे जाली नही लगी है। मैने निर्देशित

## आरआरआर सेंटर में जमा होंगे खिलौने, जरूरतमंदों को बांटेगी शारदा समिति

**गुना, देशबन्धु।** नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देशन में मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान के अंतर्गत सीएमओ विनोद शुक्ला द्वारा राजीव गांधी पार्क में मां शारदा जागृति महिला समिति के साथ मिलकर आरआरआर सेंटर का शुभारंभ किया गया। सेंटर के माध्यम से कपड़े, जूते, स्कूल बैग, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, खिलौने टेडीवीयर आदि वस्तुओं को दान किया जा सकेगा। यह चीजें जरूरतमंद लोगों एवं बच्चों पहुंचाई जाएगी। सेंटर का संचालन मां शारदा जागृति महिला समिति द्वारा किया जाएगा।

## राज्य कर्मचारी संघ ने शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर, देशबन्धु।** बुधवार को मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तत्वाधान में ग्रीष्म अवकाश में कार्य करने पर अवकाश संरक्षित करने करने के विषय में एक ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। इस संबंध में संघ के बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप पर आदेश से शिक्षकों से ग्रीष्मकालीन अवकाश में जाति प्रमाण पत्र बनवाने का कार्य कराया जा रहा है।

जिससे शिक्षकों की छुट्टियां नहीं मना पा रहे हैं, कृपया अगर शिक्षकों से ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य कराना है तो शिक्षकों का अर्जित अवकाश स्वीकृत कराने के लिए कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किया जाए ताकि शिक्षक छुट्टी की अवधि में कार्य करें तो उनकी छुट्टी अर्जित अवकाश में संरक्षित हो सके। ज्ञापन देने वालों में संभागीय उपाध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर, राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, तहसील अध्यक्ष संतोष सिंह, जिला सचिव मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभिषेक भार्गव, तहसील उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता सेंगर, विष्णु प्रसाद शर्मा चंद्रशेखर वर्मा आदि शामिल

# नैंसी ने 3 मिनिट में 7-3 से वंशिका को हराकर जीता सोना

**सीहोर, देशबन्धु।** आवासीय खेलकूद परिसर में देर शाम को जिला स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। मुकाबले में शहर सहित आस-पास से 33 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें से 10 खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए। सबसे अच्छा मुकाबला बालिका वर्ग के 55 किलोग्राम में देखने को मिला जहां नैंसी ठाकुर वंशिका के मध्य इस मुकाबले में नैंशी ने वंशिका वर्मा को मात्र 3 मिनिट के अंतराल में 7-3 से हराया।



इस संबंध में जानकारी देते हुए बाक्सिंग कोच आनंद पंसोरिया ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विशेष रूप से अताउल्लाह खान, अन्नू चौहान, अंकित गुप्ता, महिला पुलिस बल से सूबेदार प्राची राजपूत आदि शामिल थी। सब जूनियर बालक वर्ग में, 25 किलो ग्राम वजन में अक्षत ठाकुर गोल्ड मेडल, गर्व ठाकुर सिल्वर मेडल, जूनियर वर्ग में उज्ज्वल वर्मा गोल्ड मेडल, हनी पंसोरिया ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया, सीनियर में दीपक जाटव गोल्ड मेडल 60 किलोग्राम में, कुलदीप ने 65 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता, वहीं बालिका वजन वर्ग में, 30 किलोग्राम में भूमि ठाकुर ने गोल्ड मेडल, महक राठौर ने सिल्वर, 40 किलोग्राम में अंजली कोरी गोल्ड मेडल उर्वशी वर्मा सिल्वर सीनियर बालिका में 55 किलोग्राम में नैंसी ठाकुर ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

## जैन मिलन परिवार ने उत्साह से मनाया पंचमी का पर्व



**गुना, देशबन्धु।** जैन धर्म में श्रुत पंचमी ज्ञान की आराधना का महापर्व है। षठखंड आगम पर धवला टीका आज के दिन पूर्ण हुई थी। श्रुत यानी जिनवाणी को आज के दिन लिपिबद्ध किया गया था। उक्त बात भारतीय जैन मिलन के आह्वान पर वासुपुज्य दिगंबर जैन मंदिर पर आयोजित श्रुत पंचमी के कार्यक्रम में जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन ने कही। इस मौके पर जैन मिलन के कार्यकर्ताओं ने शास्त्र एवं जिनवाणी की देखभाल एवं साज सज्जा आदि का कार्य किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एससी जैन, क्षेत्रीय मंत्री पीके जैन, डॉ व्हीके जैन, नगर जैन मिलन गुना के अध्यक्ष मनोज जैन, धर्मेश जैन, महेश जैन, राजेंद्र जैन, विवेक रोकडिया, सुनीता विजय जैन, सुमन गांधी, कल्पना जैन, ममता धर्मेश जैन, मिथलेश जैन, अनु जैन, अनुपमा जैन, मीना एसपी जैन, साधना चंद्रेश जैन, राखी जैन, सुषमा जैन, शालनी जैन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर जिनवाणी मां की साज सज्जा एवं साफ सफाई की। इसके साथ ही आज के पावन दिवस पर भारतीय जैन मिलन ने सवा करोड़ नमोकार मंत्र की जाप लक्ष्य रखा है जिसके अंतर्गत वीर, वीरांगनाओं ने मंदिर में जाप भी किया गया।

**आरोन में श्रुत पंचमी पर्व पर हुआ विधान :** उधर आरोन में श्रुत पंचमी पर्व के अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज ट्रस्ट कमेटी द्वारा स्थानीय अरनाथ दिगंवर जैन चौबीसी बड़ा मंदिर में आर्यिका मां विज्ञानमति माताजी द्वारा रचित श्रुत पंचमी विधान का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रातः 7 बजे से जिनेंद्र भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं भक्तामर जी के पाठ के उपरांत जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया के नेतृत्व एवं मुनेश जैन की उपस्थिति में समाज जनों व जैन मिलन, युवा जैन मिलन एवं महिला जैन मिलन के पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक विधान किया। संगीतमय विधान नीतेश कालादेव, आशीष कलेशिया एवं जैन मिलन के अध्यक्ष संजीव रामपुर ने कराया। जैन मिलन के सुनील झंडा ने बताया कि विधान के द्रव्य का पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य भी जैन मिलन, युवा जैन मिलन एवं महिला जैन मिलन ने संयुक्त रूप से

## डाक विभाग ने आयोजित किया योजनाओं का शंखनाद कार्यक्रम

# डाककर्मियों से रूबरू हुए आला अधिकारी, बैंकिंग एवं बीमा पर फोकस



***गुना, देशबन्धु।*** *डाक संभाग द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शंखनाद नए भारत में गूंजेगा भारतीय डाक का स्वरनाद कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन कुमार डालमिया निदेशक डाक सेवाएं भोपाल, विशिष्ट अतिथि भारतीय डाक सेवा अधिकारी मीनाक्षी दास उपस्थित रहीं। जबकि अध्यक्षता डाक अधीक्षक विनय श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर ग्रामीण डाकसेवकों से रूबरू होते हुए मुख्य अतिथि श्री डालमिया ने कहा कि डाक विभाग अपने नए स्वरूप में भारत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। हमारे कर्मचारी समाज में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यालय से बाहर निकलकर जनता के बीच में भी जा रहे हैं यह बदलते हुए डाक विभाग की तस्वीर है। उन्होंने बताया कि गुना डाक संभाग में हम जल्दी ही पासपोर्ट सेवा केंद्र की सौगात भी देने जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डाक अधीक्षक श्री श्रीवास्तव ने बताया कि डाक संभाग के द्वारा डाक जीवन बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, लाडली बहना योजना में अत्यंत सराहनीय काम किया जा रहा है। समाज के आखिरी व्यक्ति के उदय के लिए डाक विभाग अपने हर संकल्प को सिद्धि तक ले जाने का काम करेगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस वित्तीय वर्ष में डाक विभाग के नए लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्ययोजना बनाई गई। कार्यक्रम में रविंद्र भार्गव सहायक अधीक्षक मुख्यालय, राजकुमार सिंह तोमर उपसंभागीय निरीक्षक शिवपुरी, धीरज कुमार साकेत उपसंभागीय निरीक्षक गुना पश्चिम, आकाश जैन उपसंभागीय निरीक्षक गुना पूर्व, कुशाग्र पाल उपसंभागीय निरीक्षक अशोकनगर, दिनेश पटेल आईपीओ एमएमआर, बीएम मिश्रा डाकपाल प्रधान डाकघर, शिव कुमार रघुवंशी, सचिन तिवारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन अपेक्षा श्रीवास्तव एवं प्रियंका शाक्य द्वारा किया गया। वहीं प्रातः डाककर्मियों ने रैली निकालकर योजनाओं का प्रचार किया।*

*इस मौके पर मुख्य अतिथि निदेशक डाक सेवाएं भोपाल श्री डालमिया ने मीडिया के सवालों पर कहा कि डाक विभाग महिला बचत योजना का लेकर प्रचार प्रसार कर रहा है। विभाग द्वारा अपने परंपरागत कार्यों में पिछड़ने एवं बीमा पर फोकस रखने के सवाल श्री डालमिया ने कहा कि हां, हमारा फोकस बीमा एवं बैंकिंग सुविधाओं पर है। लेकिन हम कॅरियर सेवाओं में लगातार इजाफा कर बेहतर कर रहे हैं। आज डाक विभाग के फ्लिपकार्ड, अमेजन सहित विभिन्न कंपनियों से लगातार अनुबंध बढ़ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा जीडीएस पर बढ़ते*

दसवीं में हासिल किए 492 अंक, चार-पांच घंटे की मेहनत से हासिल किया मुकाम

# प्रदेश में तीसरा स्थान लाकर उन्नति ने किया जिले का नाम रोशन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए हैं। टीकमगढ़ के क्रिएटिव कॉन्वेंट स्कूल की दसवीं की छात्रा उन्नति अग्रवाल ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्नति ने 492 अंकों के साथ प्रदेश की टॉप टेन सूची में अपना स्थान पक्का किया है। उन्नति की सफलता से पूरा परिवार खुश है। उन्नति पिता विनोद कुमार अग्रवाल ने दसवीं कक्षा में 492 अंकों के साथ प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्नति शहर के क्रिएटिव कॉन्वेंट प्राइवेट स्कूल की छात्रा हैं। उन्नति के पिता विनोद कुमार शहर के सरदार सिंह सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं। उन्नति अपनी तीन बहनों में सबसे छोटी हैं। मझली बहन वंशिका अग्रवाल ने साल 2019 में 12वीं कक्षा में जिला टॉप किया था। बड़ी बहन विधि अग्रवाल ने साल 2016 में बायोलॉजी विषय से मध्य प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया था। उन्नति आगे चल कर डॉक्टर बनना चाहती हैं। उन्नति ने बताया कि उसमें सिर्फ स्कूल और घर पर रहकर ही पढ़ाई की। कहीं भी ट्यूशन नहीं पढ़ी। उन्नति ने बताया कि हर दिन 4 से 5 घंटे घर में पढ़ाई करती थी। स्कूल और घर की पढ़ाई से ही उन्नति में प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

## आयुष ने किया माता-पिता का नाम रोशन



**जतारा, देशबन्धु।** बीते रोज दोपहर 12 बजे मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के द्वारा 12वीं का रिजल्ट घोषित किया गया, जिसमें जतारा क्षेत्र अंतर्गत पैतपुरा गांव निवासी कमलेश साहू के पुत्र आयुष साहू ने 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता सहित गांव का नाम रोशन किया है। आयुष में अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, माता पिता और परिवार जनों को दिया है।

## कल्पना हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी



### विद्यालय प्रबंधन ने दी शुभकामनाएं

**पलेर, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बीते गुरुवार को 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल्पना हायर सेकेंड्री विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अधिकतम अंक प्राप्त कर बाजी मारी है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। बताया गया है कि अंशुल दुबे पिता दिवाकर दुबे ने कक्षा 12वीं में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए जहां विद्यालय प्रबंधन का मान बढ़ाया है तो वही कक्षा 10वीं की नियमित छात्रा शिवि दुबे पिता दबाकर दुबे ने 97.2 प्रतिशत, पियूष पिता नरेंद्र सिंह ने 94.6 प्रतिशत, आयुष गुप्ता पिता राकेश गुप्ता ने 94.6 प्रतिशत, दीपक पिता शिवशंकर यादव ने 91.8 प्रतिशत, आरव पिता अजय खरे ने 91.8 प्रतिशत, कुमारी आस्था शर्मा पिता संजय शर्मा ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए समूचे नगर का मान बढ़ाया है। नगर परिषद की अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने परीक्षा परिणाम घोषित होने पर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### आस्था ने विद्यालय में पाया छठवां स्थान

कल्पना हायर सेकेंडरी विद्यालय इंग्लिश मीडियम कक्षा 10वीं की नियमित छात्रा कुमारी आस्था पिता संजय शर्मा ने परीक्षा परिणाम में 91.6 प्रतिशत अंक हासिल करके नगर का गौरव बढ़ाया है। आस्था ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, परिवारजनों को दिया है। जतारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिशंकर खटीक के भतीजे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक, पत्रकार सौरभ खरे, पुष्पेंद्र सिंह, समीर खान, गौरव वर्मा ने आस्था को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

समग्र आईडी में संशोधन एवं मजदूर कार्ड बनाने के एवज में पैसे मांगने का मामला

# सचिव और रोजगार सहायक को जिला पंचायत ने भेजा नोटिस




**सौरभ गंगेले**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जतारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चित बनी हुई है। ग्रामवासियों की शिकायतों के बाद जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी जिला पंचायत कार्यालय द्वारा जनपद पंचायत जतारा के अधिकारियों से सिर्फ पत्राचार ही किया जा रहा है। ताजे घटनाक्रम के अनुसार ग्राम मालपीथा निवासी रुपेश गंगेले पुत्र संतोष गंगेले द्वारा जिला पंचायत कार्यालय में ग्राम पंचायत सचिव मनोज दुबे सहित ग्राम रोजगार सहायक रुपेश समेले के विरुद्ध उसकी पत्नि का नाम समग्र आईडी में संशोधन करने के अलावा मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत मजदूर कार्ड बनाए जाने के एवज में पैसों की मांग करने संबंधी शिकायत की गई थी। श्री गंगेले द्वारा मुख्यमंत्री सीएम हैल्प लाइन पर भी उक्त आशय की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इन शिकायतों को लेकर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सचिव मनोज दुबे एवं ग्राम रोजगार सहायक रुपेश समेले को जनपद पंचायत जतारा के माध्यम से विगत 23 मई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के माध्यम से कहा गया है कि उक्त कर्मचारी तीन दिवस के भीतर अपना जबाव जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत मालपीथा में अधूरे बने आवासों के पूर्णता लगाए जाने के मामले में जिला पंचायत सीईओ ने जाँच के आदेश दिए थे। जतारा जनपद में पदस्थ तत्कालीन सीईओ सचिन गुप्ता को इस मामले की जाँच करवा कर सात दिवस के अन्दर जिला पंचायत कार्यालय भेजे जाने थे। जतारा सीईओ गुप्ता ने पंचायत समन्वय अधिकारी दामोदर विश्वकर्मा को जाँच करने के लिए आदेशित किया था। विश्वकर्मा ने जब इस मामले की जाँच की तो नरेंद्र सिंह बुंदेला का आवास अधूरा पाया गया जबकि बुंदेला के आवास पर पंचायत द्वारा करीब 1 वर्ष पूर्व किसी अन्य के आवास की जिओ टेक करके बुंदेला के आवास को आवास पोर्टल पर पूर्ण बता दिया गया। इस मामले में जिला पंचायत सीईओ द्वारा चार बार पत्राचार किया जा चुका है।

# विधायक ने ग्रामीणजनों की समस्याओं का किया निराकरण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण में जिले की सभी ग्राम पंचायतों, तहसील, उप तहसील, राजस्व सर्किल, लोक सेवा केन्द्रों सहित नगरीय निकायों एवं शासकीय कार्यालयों में शिविर लगाये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को ग्राम पंचायत नन्नी टेहरी में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के तहत शिविर का आयोजन किया गया। टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी ने शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ ही ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम सीपी पटेल सहित संबंधित अधिकारी, पटवारी, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समर कैंप में पहुंचे केंद्रीय मंत्री को एसपी ने दिया स्मृति चिंह

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जिला इकाई के बच्चों हेतु पुलिस लाइन टीकमगढ़ में समर कैंप का आयोजन विगत 5 मई 23 से 04 जून 23 तक किया जा रहा है। गुरुवार 25 मई को उक्त समरकैंप में केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक ने बच्चों से मिलकर खेलो के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि खेलो से शरीर स्वस्थ रहता है, बुद्धि एवं व्यक्तित्व का विकास होता है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा केंद्रीय मंत्री श्री कुमार का स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, डीएसपी टीकमगढ़ सुश्री प्रिया सिंधी, एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव सहित पुलिस अधिकारी, खेल प्रशिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।



## उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण के लिये अन्न उत्सव आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु** मध्य प्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण किए जाने हेतु जिले की सभी पीडीएस दुकानों पर 25, 26 तथा 27 मई 2023 को अन्न उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अन्न उत्सव के तहत गुरुवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार नियमित खाद्यान्न (नि:शुल्क) वितरण किया गया। इसके साथ ही जिले की सभी पीडीएस दुकानों पर 26 तथा 27 मई 2023 को भी अन्न उत्सव का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर श्री द्विवेदी के निर्देशानुसार अन्न उत्सव हेतु नोडल अधिकारी, सतर्कता समिति की सदस्यों की उपस्थिति में कराने हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नोडल अधिकारियों द्वारा बिन्दु अनुसार जाँच कर प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र भर कर कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा में प्रस्तुत करेंगे।

# जनचेतना शिविर लगाकर पुलिस अधिकारियों ने लोगों को किया जागरुक




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के विभिन्न थाना अन्तर्गत जनचेतना शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में थाना पलेरा अंतर्गत ग्राम चरी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या द्वारा, थाना जतारा अंतर्गत ग्राम देवराहा में एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम द्वारा, थाना कुड़ीला अन्तर्गत ग्राम मातौल में एसडीओपी टीकमगढ़ बी.डी. त्रिपाठी द्वारा, थाना बड़ागांव अन्तर्गत ग्राम अमरपुर में डीएसपी सुश्री प्रिया सिंधी द्वारा, थाना कोतवाली अन्तर्गत ग्राम कुंडेश्वर में डीएसपी अजाक दिलीप पाण्डे द्वारा, बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम दुर्गानगर में थाना प्रभारी बल्देवगढ़ अमित साहू द्वारा, थाना खरगापुर अंतर्गत ग्राम गुना में थाना प्रभारी नितेश जैन द्वारा, थाना देहात अंतर्गत ग्राम तखा में निरीक्षक श्रीमती प्रीति भार्गव द्वारा जनचेतना शिविर में आये जनसमूह से चर्चा कर उन्होंने बताया कि सभी लोग समान हैं, लोगों को जाति धर्म के आधार पर वैमनस्यता नहीं रखकर आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए तथा एक दूसरे की सहायता करनी चाहिए। वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड जैसे अपराधों के बारे में जानकारी देकर इनसे बचाव हेतु जागरूक किया। ट्रैफिक नियमों के बारे में भी जानकारी देते हुए एक्सीडेंट में घायल व्यक्तियों को सहायता देने के बारे में बताया गया। बच्चों एवं महिलाओं पर घटित होने वाले अपराधों तथा उनसे संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा आमजन से उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। लोगों से क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने तथा उस पर त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

# कांग्रेस नेत्री किरण ने भरवाए नारी सम्मान योजना के फार्म



**जतारा, देशबन्धु।** लिधौरा के गुप्ता मैरिज गार्डन मे प्रदेश महासचिव किरण अहिरवार ने कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाए। इस मौके पर किरण अहिरवार ने कहा कि अगर आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की जनता को पांच बड़ी सौगातें दी जाएंगी। उन्होने कहा कि कमलनाथ ने अपने वचन पत्र में कहा है कि किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफकिया जाएगा। महिलाओं को नारी सम्मान योजना में 15 सौ रुपया प्रति महीना मिलेंगे, महिलाओं को 5 सौ रुपए में घरेलू सिलेंडर उपलब्ध होने लगेगा। विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली फ्री एवं 200 यूनिट बिजली का बिल का आधा पैसा लगेगा। किरण अहिरवार ने कहा कि मेने जतारा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के साथ घर-घर जाकर महिलाओं के 15 हजार से ज्यादा नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाने का काम किया है। आने वाले समय में इन महिलाओं को लाभ मिलने लगेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीपत यादव, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित नायक, डाक्टर रमेश शर्मा, सुरेश पाठक, केएस गौर, जिला सचिव अनिल रिछारिया, वीरेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद सोनी, जग प्रसाद यादव, सत्तार खान, जितेंद्र ठाकुर, लक्ष्मण कुशवाहा, अनुज उदैनिया, राजकुमार अहिरवार, राजेश यादव रामस्वरूप यादव आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ साहित्यकार हरिविष्णु अवस्थी 'बुंदेली संस्कृति के आचार्य' की उपाधि से सम्मानित

# बुंदेलखंड की संस्कृति के विकास में योगदान अविस्मरणीय: प्रियंका



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के वरिष्ठ साहित्यकार हरिविष्णु अवस्थी को देव आस्था पुस्तकालय की ओर से बुधवार की रात सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्यों ने उन्हें 'बुंदेली संस्कृति के आचार्य' की उपाधि से नवाजकर सम्मान पत्र भेंट किया। इस मौके पर शहर के वरिष्ठ साहित्यकार, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी मौजूद रहे। देव आस्था पुस्तकालय संस्था की संचालक प्रियंका पवन घुवारा ने बताया कि बुन्देलखण्ड की संस्कृति के विकास में वरिष्ठ साहित्यकार हरि विष्णु अवस्थी का योगदान अविस्मरणीय है। आपके रहन सहन व जीवन में बुन्देली की संपूर्ण संस्कृति के स्वरूप का साक्षात्कार किया जा सकता है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आपके सार्थक प्रयास से 300 से अधिक पत्र-पत्रिकाओं, स्मारिकाओं, अभिनन्दन ग्रंथों का प्रकाशन हुआ है। श्री अवस्थी ने बुंदेलखंड के लोक सहित्य, संस्कृति, कलाओं, इतिहास, पुरातत्व आदि का प्रामाणिक परिचय देश, समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है। आपकी प्रकाशित पुस्तकें मुख्यत: बुंदेलखंड के शिलालेख प्रथम भाग, बुंदेलखंड में गांधी की यात्राएं एवं देशी राज्यों में स्वतंत्रता संग्राम, जल प्रबंधन, बुंदेलखंड की पारंपरिक जल संरचनाएं, नवागढ़ का इतिहास, कहत कबीर सुनो भाई साधौ, संत कबीर, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, बुंदेलखंड के अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, बुंदेलखंड की कवयित्रियां, सोने की चिड़िया, वीरसिंह देव पुरस्कार का इतिहास शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने महत्वपूर्ण ग्रंथ का संपादन किया। जिसमें वीर सिंह जूदेव द्वितीय गौरव ग्रंथ, दादा मगनलाल गोइल अभिनन्दन ग्रंथ, मधुकर युग निर्मात्री पत्रिका, बुन्देलखंड समग्र, बल्देवगढ़ दर्शन उल्लेखनीय हैं। वरिष्ठ साहित्यकार हरि विष्णु अवस्थी ने करीब 6 माह पहले 90 वर्ष की उम्र में अपनी देह दान कर दी। इसके पहले उन्हें वीरेंद्र केशव साहित्य परिषद में महर्षि दधीचि उपाधि से सम्मानित किया था। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि नरेन्द्र मोहन अवस्थी पूर्व प्राचार्य, गीता माझी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रेखा महेश यादव जनपद अध्यक्ष जतारा, श्रद्धा चौहान अध्यक्ष मातृ शक्ति संगठन, रश्मि शुक्ला शैक्षणिक प्रमुख मानवाधिकार एशोसियेशन, सुषमा संजय नायक उपाध्यक्ष नगर पालिका, साहित्यकार एनडी सोनी, प्रकाश अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन, वीरेन्द्र सिंघई, अशोक गंगेले, वीरेंद्र चन्द्रसोरिया, घनश्याम तैलंग, अखिलेश खरे, निखिल शर्मा, गिरधारी लाल कबीर पंथी, स्पनिल तिवारी, मनमोहन नामदेव सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित

# दमोह राइज स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**दमोह देशबन्धु।** विगत दिवस भोपाल में स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार इंदर सिंह परमार द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया जिसमें 2022 23 हाईस्कूल परीक्षा में पूरे मध्यप्रदेश में 63.29 प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी और 17.11 प्रतिशत स्वाध्यायी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं बारहवीं हायर सेकेंडरी परीक्षा में 55.28प्रतिशत नियमित परीक्षार्थी और 18.15 प्रतिशत स्वाध्याय विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

वही बात की जाए दमोह की तो हाईस्कूल परीक्षा का जिले का सफलता का प्रतिशत 68.7: और हायर सेकेंडरी 12वीं परीक्षा का 63: रहा है। दमोह जिले में हाई स्कूल परीक्षा में जहां सृजन जैन पिता बिजेन्द्र जैन शास. मॉडल उ.मा.वि., जबेरा और कु. कृतिका



घोषी पिता सुदामा घोषी ज्ञानदीप विद्या विहार उ.मा.वि., तेंदुखेडा ने 500 पूर्णांक में से 490 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं हीरालाल अहिरवार पिता इमरत अहिरवार शास. आदर्श बहुउद्देशीय उ.मा. उत्कृष्ट वि. दमोह ने 489 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इसी तरह हायर सेकेंडरी परीक्षा में शिवाकांत कुर्मी पिता नवल किशोर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हिनौता कला दमोह ने 475 अंक प्राप्त कर वही पीयूष असाटी पिता संजय असाटी शासकीय आदर्श मल्टीपरपज उत्कृष्ट स्कूल दमोह ने 474 अंक प्राप्त कर द्वितीय वही सिद्धांत पटेल पिता जगदीश पटेल शासकीय आदर्श मल्टी परपज हायर सेकेंडरी एक्सीलेंस स्कूल दमोह ने 473 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 2023 के दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम में शास महात्मा ज्योतिबा फुले सी एम राइज उमा विद्यालय दमोह का परीक्षा परिणाम आशा के अनुरूप आया है जिसमें 100: परीक्षार्थी सफल रहे हैं और विशेष वात यह रही कि 100: में से 96: विद्यार्थी प्रथम श्रेणी लेकर उत्तीर्ण हुए है जवकि सिर्फ4: परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी लेकर उत्तीर्ण हुए।

विद्यालय में जहां 10वीं में कुल 115 विद्यार्थी शामिल हुए जिनमें 110 छात्र प्रथम श्रेणी जवकि 5 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए वहीं 12वीं की परीक्षा में कुल 125 छात्र सम्मिलित हुए जिनमें 120 छात्र प्रथम श्रेणी वहीं मात्र 5 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह से नन्हे सिंह ठाकुर स्वयं विद्यालय पधारे तथा सफल परीक्षार्थियो, विषय शिक्षकों एवं प्राचार्य को अच्छे परीक्षा परिणाम के लिये बधाई दी।

# 2 लाख 30 हजार की राशि को सायबर सेल ने कराया वापस

**दमोह देशबन्धु।** प्रमोद वर्मा पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर द्वारा सायवर फ्राड की रोकथाम एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश जारी किये गये थे उक्त आदेश के परिपालन में राकेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक दमोह के द्वारा सायवर नोडल अधिकारी शिवकुमार सिंह अति0 पुलिस अधीक्षक दमोह एवं सायवर सेल टीम को जनता के साथ हो रहे फ्राड के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था ।

दिनांक 24.6.2022 को आवेदक सचिन लहरी जिला दमोह द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था कि मेरे साथ म0प्र0 विद्युत मंडल के नाम से बिजली का बिल जमा करने हेतु लिंक भेज कर बैक की जानकारी भरवाई गई थी।

जिस पर से आवेदक के खाते से 2 लाख 30 हजार रूपये की राशि धोकाधड़ी कर निकाल ली गई थी। जिस पर सायवर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संदिग्घ खातो की जानकारी प्राप्त कर आरोपियो के खातों को वन साईड होल्ड कराया गया जो दिनांक 25.5.2023 को आवेदक सचिन लहरी द्वारा पुलिस कार्यालय आकर पुलिस अधीक्षक को बताया कि मेरे साथ हुये फ्राड की राशि को 2,30,000 /- रूपये आपके द्वारा एवं आपकी सायवर सेल टीम के सहयोग से वापिस आ गये है। जो मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा दमोह की जनता से अपील किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आपको फोन पर किसी भी प्रकार का फायनेंसियल लालच देने वीडियो कॉल कर ब्लेकमेल करने, रिश्तेदार या दोस्त बनकर पैसे भेजने हेतु अनुरोध करता है तो लिंक पर या बारकोड यूपीआई पेमेन्ट न करें और किसी व्यक्ति के साथ फ्राड होता है तो तुरंत सायवर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करे एवं संबंधित थाने व सायवर सेल दमोह को सूचित करें। कार्यवाही में सायवर सेल की टीम में प्र. आर. 353 सौरभ टंडन प्र. आर. 280 राकेश अठ्या आर. 830 कुलदीप ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# बसपा की बहुजन राज अधिकार यात्रा दमोह पहुंची




दमोह देशबन्धु। मध्य प्रदेश बहुजन समाज पार्टी द्वारा बहुजन राज अधिकार यात्रा के तहत दमोह में रथ का आगमन हुआ जो विभिन्न ग्रामों से होते हुए जबलपुर नाका कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसके आयोजक ऋषभ नायक थे अम्बेडकर चौराहा पर बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पथरिया फाटक स्थित शहर बसपा कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल के द्वारा नीला फीता काट कर किया गया और महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर बसपा शहर अध्यक्ष संदीप चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प माला से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा एक सिक्के के दो पहलू हैं जिनकी नजर गिद्धों जैसी दलित शोषित बिछड़ो की वोटों पर रहती है लेने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है और खुद लग्जरी लाइफजीते हैं इनसे सतर्क रहें आपका एक एक वोट राष्ट्रीय बहुजन समाज पार्टी में जुड़ता है इनकी किसी प्रकार की अफवाह में न आए पार्टी को मजबूत करे। इस दौरान दमोह जिला प्रभारी अरविंद बौद्ध एडवोकेट, गोवर्धन राज जिला अध्यक्ष, आसाराम चौधरी, भगवानदास चौधरी, सुरेश छाबड़ा, जोगिंदर चौधरी, नीलेश अठया, लकी तंतुबाय, प्रेम लाल अहिरवार मनोज मंडेलिया सुरेंद्र चौधरी,वतन राजते, अतुल नायक देवेंद्र चौधरी राजकुमार अहिरवार राहुल राज सुरेंद्र चौधरी नीरज चौधरी, भूपेंद्र बाबू, मक्खन टेलर छोटू बौद्ध, करण राज, पंकज कसौटिया, चुन्नीलाल, राजीव गुरु, रजनेश महाजन,बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय नि: शुल्क योग शिविर का हुआ आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** हार्टफुलनेस संस्थान श्री रामचंद्र मिशन, संस्कृति मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में योग प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिसमें हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक द्वारा ग्राम वासियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवांकुर संस्था बुन्देलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के द्वारा यह शिविरों का आयोजन लक्मनकुटी सेक्टर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम समंवयक अंकित बसेडिया ने बताया कि मानसिक तनाव को कम करने, वजन कम करने और शरीर को फिट बनाने के लिए तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा



है। जो सुबह 7 बजे से 10:30 तक अलग अलग स्थानों दिगसर, पालर, महंतपुर में आयोजित किया गया। दिल्ली से आये हार्टफुल नेस संस्था के सदस्य रविकांत मिश्रा ने बताया 21 जून को विश्व योग दिवस पर सम्पूर्ण देश विदेश में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा वही इस योग दिवस में यह योग दिवस प्रत्येक मध्यप्रदेश वासियों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर गोपाल पटेल, प्रदीप पटेल,हरगोविंद साहू, पुष्पेंद्र पटेल,रम्मू विश्वकर्मा, बलराम पटेल, मुकेश नामदेव, राजू पटेल, राकेश पटेल, नरेश पटेल, पवन, पटेल, अभिषेक पटेल, अमित खरे आदि की उपस्थिति

# युवक को गोली मारकर किया घायल

**दमोह देशबन्धु।** दमोह शहर अंतर्गत एक युवक को गोली मार घायल कर देने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार शैलेंद्र अवस्थी पिता राजकुमार उम्र 28 वर्ष निवासी असाटी वार्ड-1 को मुश्की बाबा के



समीप गोली मारकर घायल कर दिया गया है। घायल को इलाज हेतु जिला अस्पताल लाया गया है। घायल ने बताया गोली मारने वाले बृजेश और राघवेंद्र है। सागर नाका चौकी प्रभारी गरिमा मिश्रा सहित पुलिस घटना की जांच में जुटी।

# यूथ फार लाइफप्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई हुई

**दमोह देशबन्धु।** यूथ फॉर लाइफकार्यक्रम के लिए युवा वर्ग के बढ़ते रूझान को देखते हुए पर्यावरण विभाग ने प्रशिक्षण के लिए आवेदन लेने की अंतिम तिथि 25 मई से बढ़ा कर 30 मई कर दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा युवा महापंचायत में व्यक्त किये गये संकल्प (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के लिये युवा नेतृत्व विकास के अंतर्गत प्रशिक्षण का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रदेश में आरंभ किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिये युवाओं के आवेदन जिलों से आमंत्रित किये जा रहे हैं।

# परिवहन विभाग ने की कार्रवाई




**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी सोनी द्वारा लगातार पिछले 4 दिनों से वाहनों और बसों की जांच की कार्यवाही की जा रही है। परिवहन अधिकारी सोनी ने बताया कि इस दौरान एक फिटनेस कैंसिल किया गया है एवं एक बस का परमिट कैंसिल किया गया है। इस दौरान 44 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही उनके द्वारा की गई है और यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# शहर युवा कांग्रेस का गठन



**दमोह देशबन्धु।** विधायक अजय टंडन, जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, जिला शहर अध्यक्ष मनु मिश्रा की अनुशंसा पर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मंजीत यादव की सहमति से शहर युवा कांग्रेस का गठन शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष दुबे द्वारा किया गया। युवा शहर कि कार्यकारिणी में जितेन्द्र अहिरवाल व अनमोल कश्यप् को युवा कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष पद व राजुल वाथरे को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। इसके साथ ही बहुत से वार्डो में वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किये गये जिनके नाम शहबाज खान, प्रिंस रैकवार, सचिव पटैल, मोहम्मद सलीम उर्फ बब्लू खान, नितिन विश्वकर्मा, इमामुल कुरैशी, शिवम चौधरी को वार्ड अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। जिला कांग्रेस कार्यालय में विधायक अजय टंडन की गरिमामय उपस्थिति एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनु मिश्रा, संगठन प्रभारी कल्लन जैन, सुदामा दुबे, बब्लू भट्ट, गिरिश मिश्रा की उपस्थिति में बनाये गये पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे सभी कांग्रेसजनों ने अपने संबोधन में युवा साथियों को संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिये। इस गरिमामय कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मंजीत यादव व शहर अध्यक्ष आयुष दुबे ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र आजवानी ने किया व आभार कुद्दूस चिश्ती ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ो कि संख्या में युवाओ की उपस्थिति रहीं।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होंगे शिवराज



**दमोह देशबन्धु।** मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में निरंतर संपूर्ण मध्यप्रदेश में आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सामूहिक विवाह सम्मेलन जिले की विधानसभा जबेरा में तय किया गया है। मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 29 मई 2023 को हाई स्कूल ग्राउंड परिसर नोहटा में किया जाना है। इस आयोजन में पात्र हितग्राहियों के आवेदन 22 मई 2023 तक स्वीकृत किए गए हैं। रूपरेखा एवं कार्यस्थल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह एवं जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जिसमें वेदी, टेंट, पार्किंग, वर-बधु के रूकने की व्यवस्था एवं कार्यक्रम की प्रमुख बिंदुओ पर चर्चा की। इस दौरान तेंदूखेड़ा एसडीओपी देवी सिंह, नोहटा थाना प्रभारी विकास चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन नंबर की सेवा की जानकारी दी गई

**दमोह देशबन्धु।** जिले के ब्लाक पटेरा ग्राम बमनपुरा के आंगनवाड़ी केंद्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता एवं कार्यकर्ता सुश्री भारती, सहायिका कौशल्या से मिलकर दोनों आंगनवाड़ी केंद्र 29/30 में जाकर सभी ग्रामीण महिलाओं को फील्ड रिस्पांसिबल ऑफिसर प्रदीप नामदेव भारत सरकार



की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन, दमोह द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने बताया सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन नंबर की सेवा शुरू की गई है। 60 वर्ष की आयु से अधिक लोगों के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14567 के द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिको का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 दुर्व्यवहार संबंधी (व्यक्तिगत और पारिवारिक दोनों स्तरों पर), विवाद समाधान (संपत्ति, पड़ोसी, परिवार), वित्तीय मार्गदर्शन, पेंशन- वृद्धा पेंशन एवं अन्य विभाग पेंशन से संबंधित की योजनाएं, भावनात्मक सहयोग, दुर्व्यवहार रोकने एवं बचाव हेतु सहयोग आदि बिंदुओं पर मदद की जाती है। उन्होंने कहा अगर इस प्रकार की कोई भी समस्या आपके परिवार या आपके आसपास, पड़ोस में होती है, तो टोल फ्री नंबर 14567 पर कॉल करके तुरंत समस्या का निदान पाएं एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही, इस योजना का लाभ लें।

# श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**दमोह देशबन्धु ।** नगर के समीपी गांव ग्वारी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 25 मई से 01 जून तक किया जा रहा हैं जहाँ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का। शुभारंभ हुआ। ग्राम के मंदिर परिसर से बैंडबाजो के साथ भव्य



कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कथा पंडाल मे पहुंची। जहा जजमान श्याम बाई पटेल ने भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। कथा व्यास पं शालिगराम पांडेय ने कथा में कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म का नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मो का उदय होता है। इसको सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि नारद जी ने भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां संतकुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया। इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुए। कथा व्यास ने कहा कि भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं।

# इंदौर में दमोह के ओजेंद्र तिवारी 'शान ए फलक' अवार्ड से सम्मानित

**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की पावन भूमि इंदौर के मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागार में अखिल भारतीय फलक फाउंडेशन दिल्ली द्वारा एक शानदार साहित्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ इलियास खां मुख्य अतिथि ओमकार त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि राजेंद्र तिवारी थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सरस्वती वंदना हुई। कार्यक्रम में आधुनिक युग में नारी का अस्तित्व विषय पर मंचासीन विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम के द्वितीय चरण में काव्य मनीषियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। अंतिम




चरण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय फलक फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा नेहा इलाहाबादी और मंचासीन अतिथियों द्वारा ओजेन्द्र तिवारी एवं श्रीमती पदमा तिवारी को शान ए फलक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने पर इंजी. अमर सिंह राजपूत, पीएस, परिहार, रामकुमार तिवारी, अनिल जैन, प्रेमलता नीलम मनोरमा रतले, विमला तिवारी आदि साहित्यकारों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# डूमर के आदिवासियों को नहीं मिल रहा राशन जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने दिया आश्वासन

ग्राम पंचायत डूमर के ग्राम डूमर में गरीब आदिवासियों को नहीं मिल रहा राशन जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने ग्राम डूमर में आदिवासी भाइयों से संपर्क किया। जिसमें नन्हे भाई आदिवासी ग्राम डूमर, गेंद रानी आदिवासी ने बताया कि हम लोगों को राशन नहीं मिल रहा है जबकि शासन की योजना है आदिवासी एवं



हरि जनों को किसी भी काट की आवश्यकता नहीं होती है उनकी पात्रता जाति के आधार पर होती है लेकिन सरपंच, सचिव की लापरवाही के कारण गरीब आदिवासियों को राशन से वंचित किया गया है ।जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने आदिवासियों को राशन दिलाने का आश्वास ने दिया है साथ ही संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है।

# डेढ़ हजार रुपए के लिए युवक को पीटा, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** चूनाभट्टी इलाके में युवक की पीट-पीट कर हत्या करने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि युवक का आरोपी से डेढ़ हजार रुपए लिए थे, जिसे वापस करने में देर हो रही थी। मंगलवार को युवक अपनी ससुराल आया था। तभी पड़ोस में रहने वाले आरोपी ने रकम को लेकर उसकी बेहरमी से पिटाई कर दी। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी की मोबाइल लोकेशन ट्रेस करके उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दामखेड़ा कोलार का रहने वाला मुकेश मालवीय पुत्र लल्लू मालवीय उम्र 32 वर्ष मंगलवार को छत्रपति शिवाजी कालोनी चूनाभट्टी मंगलवार दोपहर अपनी ससुराल आया था। ससुर के पड़ोस में रहने वाले रिंकू उर्फ प्रमोद राठौर से उसने पूर्व में डेढ़ हजार रुपए लिए थे। इनके विवाद में रिंकू ने मुकेश की बेहरमी से पिटाई कर दी। जिसकी वजह से मुकेश के सीने में गंभीर चोटें आई। परिजन उसे जेपी अस्पताल लेकर गए जहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में चिकित्सकों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया।

## सार-समाचार

### मकरोनिया ब्लॉक में हुई नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाने की शुरुआत



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मकरोनिया के तत्वाधान में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी के मुख्यातिथ्य में नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवाने की शुरुआत की गई। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश की हर नारी आत्मनिर्भरता, स्वाभिमान और सम्मान के साथ अपना जीवन यापन करें। प्रत्येक महिला को 15 सौ रुपए प्रतिमाह सम्मान निधि, 500 रु में गैस सिलेंडर और 100 यूनिट मुफ्त व 200 यूनिट आधे दाम में बिजली देने का संकल्प व्यक्त कर महिलाओं के प्रति अपनी मंशा और सम्मान को स्पष्ट किया है। मकरोनिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी ने कहा कि मप्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही उक्त योजनाओ का लाभ उठाने के लिए मकरोनिया नगर पालिका क्षेत्र की सभी महिलाओं से प्राथमिकता से फार्म भरवाये जाना हैं तथा मप्र में एक बार फिर कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाना है। कार्यक्रम में लगन सिंह ठाकुर, मोनू राजपूत, संदीप चौधरी, अंगूरी बाई, कमल जैन, राजा बुन्देला आदि कांग्रेस जन मौजूद थे।

### ठाकुर बाबा जरूवाखेड़ा में मांगलिक कार्य अब मांगलिक भवन में होंगे संपन्नः विधायक



**सागर, देशबन्धु।** ठाकुर बाबा मंदिर जरूवाखेड़ा में विधायक प्रदीप लारिया ने 40 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले मांगलिक भवन का मंदिर प्रांगण मे भूमिपूजन किया। विधायक श्री लारिया ने कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि मैं जब-जब यहां आता था, तो लगता था कि ठाकुर बाबा मंदिर प्रांगण में मांगलिक भवन की आवश्यकता है। किन्तु इस क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र के अलावा संपूर्ण प्रदेश से दर्शनार्थी आते है तथा उन्हें सामूदायिक भवन की नितांत आवश्यक रहती है। मैंने मुख्यमंत्री श्री चौहान से विशेष अनुरोध कर सामुदायिक भवन की मांग की जरूवाखेड़ा, परसोरिया एवं गढ़पहरा में 50-50 लाख-लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की। शीघ्र ही सुव्यवस्थित मांगलिक भवन तैयार हो जाने से हम सभी को मांगलिक कार्य का संपन्न कराने में सुविधा होगी। भूमिपूजन के अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के सभी सहयोगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई कराई जा रही है मशीनों से



**सागर, देशबन्धु।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के प्रमुख घटक सफाई मित्र सुरक्षा चौलेंज जिसका प्रमुख उद्देश सेप्टिक टैकों और सीवर टैंक की सफाई के लिए सफाई मित्रों के स्थान पर मशीनों का उपयोग करना है ताकि सफाई मित्रों को इस कार्य से हटाकर कार्य का पूरी तरह मशीनीकरण करना है जिससे सफाई मित्रों को किसी भी प्रकार के नुकसान या उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर न पड़े और वह सुरक्षित रहे। साथ ही साथ सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई को मशीनीकृत करना है ताकि आसानी से और बिना व्यक्ति के सीवर टैंक में अंदर सफाई हो जाए और निजी तौर पर भी जो सफाई मित्र इस कार्य को करना चाहते हैं तो उन्हें भी बैंकों से आसान किस्तों पर लोन दिया जाता है ताकि वह मशीनें क्रय कर रोजगार भी कर सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य सेप्टिक टैंक की सफाई कार्य का मशीनीकरण करना है ताकि इस कार्य में किसी प्रकार की जन हानि न हो तथा कार्य शीघ्र और अच्छा हो इसके लिए नागरिकों में जागरूकता लाई जाए कि वह सेप्टिक टैंक की सफाई मशीन से ही कराएं ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचें।

### श्रृत पंचम के अवसर पर धार्मिक ग्रंथों का रखरखाव किया

**मकरोनिया, देशबन्धु।** भारतीय जैन मिलन राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आव्हान पर मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के सदस्यों द्वारा श्री महावीर स्वामी की 2550 वे निर्माण महोत्सव की श्रंखला में श्रृत पंचमी के अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी के मंदिर में धार्मिक ग्रंथों के रखरखाव हेतु अलमारी, भंडार गृह एवं स्वाध्याय कुछ से जिनवाणी एवं शास्त्रों को बाहर निकालकर सबसे पहले साफ सफाई किया। इसके बाद में जिनवाणी मां, शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों पर कवर चढ़ाकर भलीभांति उनमें आवश्यक सुधार किया। श्रृत पंचमी के अवसर पर जैन मिलन मकरोनिया के सदस्यों, समाज के महिला एवं पुरुष पाठशाला के बच्चे एवं ब्रह्मचारिणी भाइयों बहनों के द्वारा णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। सुरेश जैन अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों समाज जनों एवं संगठनों का विशेष सहयोग रहा जिसमें अशोक जैन अध्यक्ष ट्रस्ट कमेटी एवं मुख्य संयोजक जैन मिलन मकरोनिया के अलावा सभी ट्रस्ट कमेटी के सदस्य एवं महिला परिषद की बहनों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर रविंद्र जैन, राजेश जैन, हेमचंद जैन, निशिकांत सिंघई, महेश जैन, केसी जैन, अनूप जैन, पीसी जैन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में रविंद्र जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# संभागायुक्त पहुंचे मुख्यमंत्री जन सेवा शिविर गढोला जागीर में

### एसडीएम, तहसील, जनपद कार्यालय का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे शिविर के औचक निरीक्षण के लिए खुरई विकासखंड के ग्राम गढोला जागीर पहुंचे। उन्होंने शिविर में मौजूद ग्रामीण जनों से चर्चा की एवं मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ज्वाइंट कमिश्नर अनिल द्विवेदी, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीना कश्यप, तहसीलदार इसरार खान, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद थे। संभागायुक्त डॉ. रावत ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत 15 विभागों की 67 सेवाओं के संबंध में ग्रामवासियों को बताया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। 67 प्रकार की सेवाओं को मौके पर ही प्रदान करें। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के माध्यम से आपकी सरकार आपके द्वार पहुंच रही है, जिसके माध्यम से सभी ग्रामवासियों की समस्याओं को मौके पर ही हल किया जा रहा है। डॉ. रावत ने गाढ़ोला जागीर में बन रहे अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर का कार्य शीघ्रता से पूरा करें। जिससे आने वाली बरसात में उसमें पानी का भराव हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि अमृत सरोवर को गुणवत्ता के साथ पूरा करें। संभागायुक्त डॉ. रावत ने अचानक खुरई, अनुविभागीय कार्यालय के जनपद कार्यालय एवं तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यालयों का निरीक्षण किया। संबंधित न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों में समय सारणी अनुसार बैठकर प्रकरणों का निराकरण करें। न्यायालयों में 50 दिवस से अधिक प्रकरणों को लंबित नहीं रहना चाहिए। सीमांकन बंटवारा नामांतरण के प्रकरण को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस निशुल्क बनाने के लिए महाविद्यालयों में शिविर लगाएं। उन्होंने शिविर में खसरा बी 1 की नकलों का वितरण भी किया।

### ईएफए स्कूल सागर कक्षा 10वीं एवं 12वीं वर्ष 2022-23 का परीक्षा परिणाम रहा शतप्रतिशत



**सागर, देशबन्धु।** ईएफए पं.रविशंकर शुक्ल शासकीय कन्या उमावि सागर का कक्षा 12वीं एवं 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम में कक्षा 12वीं जीवविज्ञान का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, प्रथम श्रेणी 100 प्रतिशत, गणित का परीक्षा परिणाम 100प्रतिशत, प्रथम श्रेणी 97प्रतिशत, कामर्स का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत, प्रथम श्रेणी 84 प्रतिशत, कला का परीक्षा परिणाम, 90 प्रतिशत, प्रथम श्रेणी 77 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 97प्रतिशत प्रथम श्रेणी 82 प्रतिशत रहा। विद्यालय के ईएफए बनने के पूर्व विगत वर्ष हाईस्कूल का 46प्रतिशत परीक्षा परिणाम था जिसमें 100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होकर 97 प्रतिशत हुआ है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो कि ईएफए स्कूल में गुणवत्तापूर्ण परिणाम सर्वाधिक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण है। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा घर में विद्यालय दस्तक एवं शिक्षा सरोकार योजना व केवाएस योजना की सफलता है।

### सीसीटीवी की मदद से ढूंढ़ा ऑटो में छूटा हुआ बैग



**सागर, देशबन्धु।** गत 12 मई को खेल परिसर में कार्यरत श्यामपाल का बैग राज्यरानी ट्रेन से उतरकर रेलवे स्टेशन से घर जाते समय ऑटो में छूट गया था जिसमें उनके बच्चे के जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज थे। श्यामपाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना के समक्ष आकर बैग का पता लगाने हेतु निवेदन किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना ज्योति ठाकुर द्वारा सीसीटीवी अधिकारियों को बैग ढूंढने हेतु निर्देशित किया गया। लगातार सीसीटीवी में देखने पर सीसीटीवी लोकेशन राधा तिराहा पर ऑटो निकलते हुए दिखा जिसका नंबर स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम से पता करके पुलिस द्वारा ऑटो का पता लगाकर गुरुवार को श्यामपाल का बैग सभी दस्तावेज एवं सामान के साथ वापस करवाया गया। साथ ही ऑटो मालिक एवं चालक को हिदायत दी गई कि कभी भी कोई सामान किसी सवारी का आपके ऑटो में छूटता है तो उसको किसी भी पास के थाना या पुलिस अधिकारी को जमा करें अन्यथा आप के विरुद्ध कार्यवाही हो सकती है। उक्त बैग को ढूंढने में सीसीटीवी कंट्रोल से उप निरीक्षक आरकेएस चौहान, थाना कैंट से मणिशंकर, स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम से संदीप त्रिपाठी, सुरभि स्वर्णकार का विशेष योगदान रहा।

# तेज रफ्तार कार बिजली खंभे से टकराई, सड़क किनारे पलटी



**सागर, देशबन्धु।** उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया में बीती रात एक कार बिजली खंभे से टकराकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। हालांकि गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में इसमें सवार लोगों को गंभीर चोटें नहीं आईं। कार की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि हादसे के वक्त यह बेहद तेज रफ्तार से दौड़ रही होगी। जानकारी के मुताबिक घटना बीती रात करीब 1.30 बजे की है। इस संबंध में अभी पुलिस भी ज्यादा जानकारी नहीं दे पाई है लेकिन आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि बण्डा रोड पर एसबीआई के समीप सफेद रंग की फोर्ड कार जोरदार आवाज से बिजली के खंभे से टकराकर उछलती हुई सड़क के नीचे जा गिरी। आवाज सुनकर आसपास के मकानों में रहने वाले बाहर आ गए। बताया जा रहा है कि इसमें चार लोग सवार थे जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की सुबह जिसने भी इस कार की हालत देखी, वह देखते ही समझ गया कि हादसा बेहद गंभीर हुआ है। कार की टक्कर से बिजली का खंभा पूरी तरह टेढ़ा होकर नीचे झुक गया। कार बुरी तरह चकनाचूर हो गई। बता दे कि बण्डा रोड पर अधिकांश वाहन चालक बेहद तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते हैं और यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। वहीं घटना को लेकर मकरोनिया थाना पुलिस ने जानकारी में बताया कि उक्त कार किसी सक्सेना परिवार की है।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मालथौन, देशबन्धु।** दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उजनेट चौकी का यह मामला बताया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर, एसडीओपी खुरई, थाना प्रभारी बांदरी के निर्देशन में नाबालिग लड़की की दस्तयाबी के मामले को गंभीरता से देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। फरियादी मोहनलाल पिता गुमान अहिरबार उम्र 45 साल निवासी ग्राम उजनेट ने 21 मई को नाबालिग लड़की के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए टीम रवाना की गई एवं लड़की को चार दिन में भोपाल से दस्तयाब किया गया और लड़की के कथन लेख किए गए। कथनों के आधार पर लड़की द्वारा आरोपी छोटू उर्फमोनू उर्फअजय अहिरवार सूर्यवंशी द्वारा शादी का झांसा देकर गलत काम करना बताया गया। जिस पर धारा 376 और पॉक्सो एक्ट का इजाफा कर आरोपी को न्यायालय खुरई में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में बांदरी थाना प्रभारी रविंद्र चौहान, शैलेंद्र राजावत चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक यशपाल सिंह भदौरिया, कविता द्विवेदी, सउनि बीडी अहिरवार, प्रआ कमलेश अहिरवार, आरक्षक अमर वर्मा, लक्ष्मीनारायण अहिरवार का सराहनीय योगदान रहा।

### पानी लेने के लिए उतरे यात्री के साथ रेल्वे स्टेशन पर लूट




**बीना, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर पानी की बॉटल लेने के लिए उतरे एक यात्री के साथ लूट हो गई। वहीं ट्रेन में यात्रा करते समय एक यात्री का पर्स चोरी हो गया। पीड़ितों ने इसकी शिकायत आरपीएफ से की। शिकायत मिलने के बाद रेलवे पुलिस जांच में जुट गई। मिली जानकारी अनुसार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक यात्री के साथ स्टेशन पर अज्ञात व्यक्ति ने लूट की घटना को अंजाम दिया है यात्री अशोक पिता जयराम मालवीय 53 निवासी पिपरिया नर्मदापुरम जो हजरत निजामुद्दीन से इटारसी की यात्रा कर रहा था, तभी स्टेशन पर पानी की बोतल लेने के लिए उतरे अशोक के लिए एक व्यक्ति ने दौड़ते हुए आकर धक्का मारकर गिरा दिया और 42 हजार कीमत का मोबाइल छीनकर भाग गया। जीआरपी ने अज्ञात लुटेरे के खिलाफ धारा 392 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं विंध्याचल एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहे अभिषेक कुमार निवासी धनबाद झारखंड का अज्ञात चोर ने पर्स चोरी कर लिया। इसमें रखे 2700 रुपए नकद और एटीएम सहित अन्य दस्तावेज चोरी चले गए। अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 279 के तहत मामला दर्ज किया गया

### प्रावीण्य सूची में खुरई क्षेत्र का नाम रोशन करने पर भूपेन्द्र सिंह ने दी बधाई

**सागर, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने एमपी बोर्ड की हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणामों में प्रावीण्य सूची के टाप टेन में स्थान बनाने वाले खुरई विधानसभा क्षेत्र की छात्रा शीतल श्रीवास्तव व छात्र जगदीश दांगी को बधाई दी। जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाली छात्रा रूपल विश्वकर्मा व हायर सेकंडरी की जिला प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र अनंदी साहू को भी शुभकामनाएं दीं हैं। प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान अर्जित करने वाली शीतल श्रीवास्तव पुत्री सुधीर श्रीवास्तव बरोदिया स्थित विशाद सागर हाईस्कूल की छात्रा है। प्रावीण्य सूची में नौंवा स्थान अर्जित करने वाले जगदीश दांगी पुत्र जगभान दांगी खुरई की तक्षशिला हाईस्कूल के छात्र हैं। जिलास्तरीय हाईस्कूल प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रूपल विश्वकर्मा मालथौन के माडल स्कूल की छात्रा है। जिलास्तरीय हायर सेकंडरी प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले आनंद साहू खुरई की पर्ल पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने चारों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को खुरई विधानसभा क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए उन्हें शीघ्र ही पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव 2 जून से बुंदेलखंड क्षेत्र में फूंकेंगे कांग्रेस का चुनावी बिगुल



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव आगामी 2 जून से बुंदेलखंड क्षेत्र में कांग्रेस का चुनावी बिगुल फूंकेंगे। वे इसकी शुरुआत सागर जिले से करेंगे और 3 दिन तक जिले में रहेंगे। इस दौरान वे कांग्रेसजनों, आम नागरिकों तथा मीडिया से संवाद स्थापित करेंगे। मप्र कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव को लंबा संगठनात्मक अनुभव व बुंदेलखंड समेत पूरे प्रदेश में निचले स्तर तक के साथ कार्यकर्ताओं से जीवंत संपर्क है। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुंदेलखंड क्षेत्र में कांग्रेस की विजय पताका फहराने व उनके अनुभवों का चुनावी लाभ उठाने के लिए उन्हें संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र की कमान सौंपी है। जिसकी शुरुआत 2 जून को बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार बीना से करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन में 3 जून को संभागीय मुख्यालय सागर में सबसे पहले सुबह 10 बजे क्षेत्रीय मीडिया से मुलाकात व चर्चा करेंगे। इसके बाद वे सुबह 11 बजे से राहतगढ़ बस स्टैंड के पास स्थित लक्ष्मीनारायण वाटिका में सागर विधानसभा क्षेत्र के जिला, ब्लॉक, मंडलम व सेक्टर कमेटियों, समस्त मोर्चा संगठनों, विभाग, प्रकोष्ठ व समितियों, स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों व आम जनता से संवाद स्थापित कर संगठनात्मक व चुनावी मुद्दों पर संवाद स्थापित करेंगे तथा दोपहर 1 बजे वरिष्ठ कांग्रेसजनो से सामूहिक व वन टू वन चर्चा करेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को चाक चौबंद करने और चुनावी रणनीति को लेकर सागर जिले में पहुंच रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला ग्रामीण कांग्रेस की अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार तथा जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने आयोजन के संबंध में अपने अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं और सभी कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपेक्षा व्यक्त की है।

### ओपन जिम के लिए उपकरणों का क्रय आदेश जारी

**सागर।** मंत्री भूपेंद्र सिंह की मांग पर संचालनालय खेल एवं युवक कल्याण विभाग ने खुरई विधानसभा क्षेत्र में एक ओपन जिम स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री क्रय किए जाने हेतु क्रय आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत लगभग 11 लाख की लागत से ओपन जिम के विभिन्न आइटम खरीद कर खुरई भेजे जाएंगे।

### फीकल स्लज संग्रहण एवं निष्पादन हेतु एक दिवसीय विशेष अभियान



**मकरोनिया, देशबन्धु।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत नगर पालिका परिषद मकरोनिया द्वारा फीकल स्लज संग्रहण एवं निष्पादन हेतु एक दिवसीय विशेष अभियान चलाकर सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों, घरों एवं व्यवसायिक परिसरों से फीकल स्लज संग्रहित कर फीकल स्लज को एफएसटीपी प्लांट पर डीस्लजिंग की गई एवं लोगों को जागरूक किया गया कि वह घरों में बने शौचालय का नियमित रखरखाव करें और हर तीन वर्ष में सैप्टिक टैंक खाली कराएं, शासन द्वारा इस संबंध में हेल्पलाइन नंबर 14420 जारी किया गया है, जिस पर सूचना देकर आप सेप्टिक टैंक खाली करा सकते हैं। अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री, स्वच्छता नोडल अधिकारी, सफाई मित्र, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं अनेक स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### भागवत कथा में बरसा सुंदरकांड का अमृत



**सागर, देशबन्धु।** मोतीनगर वार्ड में 22 से 29 मई तक आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की शृंखला में बुधवार की रात श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड का अमृत बरसा। दमोह से पधारे कथावाचक पं. हरिशंकर पांडेय के सानिध्य में चल रही इस संगीतमय कथा के आयोजक लक्ष्मीकांत पांडेय, नीलकांत पांडेय, कमलेश पांडेय, संतोष पांडेय, दिनेश पांडेय व मुकेश पांडेय हैं, जबकि मुख्य यजमान सुनील दत्त पांडेय और साधना पांडेय हैं। सुंदरकांड पाठ की संगीतमय प्रस्तुति अनिल श्रीधर, विपिनकांत मिश्र और श्रीकांत मिश्र की जुगलबंदी में बेहद मधुर स्वर में की गई। कार्यक्रम में पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने सुंदरकांड का सस्वर पाठ किया।

# पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई निरंतर और तेज होगीः कलेक्टर

### शहर के सभी डेयरी संचालकों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाएं



**सागर, देशबन्धु।** शहर के समस्त डेयरी संचालक डेयरी विस्थापन स्थल पर पहुंचे, उनको समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। जो अभी शेष हैं, उनके लिए भी प्रक्रिया जारी है। डेयरी विस्थापन स्थल पर न जाने वाले पशु संचालकों के पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई और तेज की जाएगी। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने पशुपालकों के साथ हुई बैठक में दिए। पशुपालकों के साथ गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक में कलेक्टर दीपक आर्य ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि पशुपालकों की हरसंभव मांगों को पूरा किया जा रहा है। सभी पशुपालक अपने अपने पशुओं को लेकर डेयरी विस्थापन स्थल पर पहुंचे। कलेक्टर ने समस्त पशुपालकों से अनुरोध किया कि शहर के हित को देखते हुए सभी पशुपालक अपने अपने डेरियों को विस्थापित कर ले। पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई और तेज की जाएगी, जिससे शहर को शीघ्र पशु विचरण मुक्त बनाया जा सके। डेयरी विस्थापन शहर के लिए आवश्यक है, जिससे शहर साफ एवं सुरक्षित रह सके। डेरी विस्थापन स्थल पर पक्की सीमेंट वाली रोड, स्ट्रीट लाइट, पेयजल की सुविधाएं दूध कलेक्शन हेतु सांची दुग्ध संघ का कलेक्शन सेंटर, पशु अस्पताल, भूसा भंडारण केंद्र सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। खुरई रोड से विस्थापन स्थल तक सड़क चौड़ीकरण एवं पक्की बनाने के लिए 12 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। जिसका कार्य प्रारंभ किया गया है। यह सड़क बरसात के पूर्व बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बाद जो भी आवश्यकता होगी, उसको पूरा किया जाएगा। कलेक्टर ने संचालकों की मांग पर कहा कि आप लोगों को बैंक से लोन दिलाने की प्रक्रिया लीड बैंक मैनेजर के माध्यम से की जाएगी। आप सभी पहले रजिस्ट्रेशन कराएं उसके पश्चात रजिस्ट्री कार्यालय से रजिस्ट्री कराएं। तत्पश्चात आपको लोन दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। ननि कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला ने समस्त पशुपालकों से कहा कि नगर निगम में अलग से काउंटर स्थापित किया गया है, जिस पर अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। सभी पशुपालक अपने-अपने डेरियों का पंजीयन कराकर रजिस्ट्री की कार्यवाही प्रारंभ करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश सिंह, नगर निगम उपायुक्त राजेश सिंह राजपूत, देवकीनंदन यादव सहित शहर के समस्त डेयरी संचालक एवं अधिकारी मौजूद थे।

सबसे पुराना दवाखाना मो.: 7310792956
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मैडेलिस्ट
डॉ. शेख

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।